दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 14 | अंक : 240 | जयपुर | शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## विधानसभा में गूंजा आदिवासियों का डीएनए टेस्ट

# विपक्ष ने शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की, वॉकआउट किया

### विधानसभा में शुरू हुआ भोजनावकाश

विधानसभा संवाददाता

**जयपुर( बढ़ता राजस्थान )।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आदिवासियों के डीएनए टेस्ट को लेकर दिए बयान पर सड़क से शुरू हुआ बवाल गुरुवार को सदन तक आ पहुंचा।

पहले भारतीय आदिवासी पार्टी के नेताओं ने तो अब कांग्रेस के नेताओं ने डीएनए सैम्पल को लेकर हंगामा किया। विधानसभा के दूसरे सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री के जवाब पर आपत्ति दर्ज कराई। शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं वेल में आए सदन के सदस्यों ने उनके सैंपल लेने की मांग भी की। सदन में राजस्थान बॉर्डर पर पारदी गैंग का मुद्दा भी उठाया गया, जिसको लेकर भी सदन में कई बार पक्ष-विपक्ष के बीच नारेबाजी देखने को मिली।

गुरुवार सुबह 11 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के कुछ विधायकों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के डीएनए वाले बयान का मुद्दा उठाना चाहा, लेकिन स्पीकर वासुदेव देवनानी ने अनुमति नहीं दी। इससे सदन में कुछ देर के लिए हंगामा हुआ, लेकिन स्पीकर ने विधायकों को यह मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं देते हुए प्रश्न काल चलने देने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद प्रश्नकाल की कार्यवाही के लिए सवाल जवाब शुरू हो गए। प्रश्न काल के दौरान कुछ सवाल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विभाग को लेकर लगे हुए थे। सदन में जैसे ही शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सवाल का जवाब देने के लिए खड़े हुए, विपक्ष ने हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्ष ने वेल में आकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। नारेबाजी और हंगामे के बीच विपक्ष ने स्पीकर से उनके डीएनए सैम्पल लेने की भी मांग की। इस मुद्दे पर सदन से वॉकआउट भी किया।

#### राजस्थान बॉर्डर पर पारदी गैंग का मुद्दा

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान राजस्थान में अराजकता और कानून व्यवस्था का मुद्दा उठा। किशनगंज से विधायक ललित मीणा राजस्थान बॉर्डर पर पारदी गैंग का मुद्दा उठाते हुए, अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की मांग रखी। इस पर मंत्री ने जवाब से आश्वस्त किया कि सरकार इसे लेकर गंभीर है। पहले से सुरक्षा की माकूल व्यवस्था की गई है। जरूरत होने पर अतिरिक्त व्यवस्था कर दी जाएगी। सदन में उठे कानून व्यवस्था के इस मुद्दे पर विपक्ष ने भी जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने कहा कि सरकार लोगों के बीच से दहशत नहीं निकाल पा रही है। बता दें कि बारां जिले में बॉर्डर के यहां पारदी गिरोह का आतंक इस कदर फैल गया है कि ग्रामीण चोरी और डकैती जैसी वारदातों से बचने के लिए खुद रात के दौरान सीमा इलाकों में पहरेदारी कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में पारदी गिरोह लूट, खसोट और हत्या तक की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।



#### डोटासरा बोले-किरोड़ीलाल की पर्ची का क्या हुआ, स्पीकर ने कहा-सही समय पर सूचना आ जाएगी

विधानसभा में गुरुवार को लंच ब्रेक से पहले कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे की गूंज रही। शून्यकाल के दौरान पर्ची से मुद्दे उठाने की व्यवस्था शुरू की गई है। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को याद दिलाना चाहता हूं कि पर्ची की व्यवस्था आपके वक्त में बंद हुई थी, हमने वापस चालू की है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा- आपने जो पर्ची व्यवस्था चालू की है, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन किरोड़ीलाल वाली भी बता दो इनकी पर्ची स्वीकार हुई कि नहीं हुई? इस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि सही समय पर सूचना आ जाएगी। डोटासरा ने कहा कि यह सदन ही नहीं पूरा प्रदेश जानना चाहता है कि किरोड़ी की पर्ची का क्या हुआ?

#### भोजनावकाश शुरू

गुरुवार से विधानसभा में लंच ब्रेक शुरू हो गया है। पहले स्पीकर ने 2 बजे तक लंच ब्रेक के लिए कार्यवाही स्थगित की, लेकिन 15 मिनट का ही वक्त दिया, बाद में 2 बजे फिर आधे घंटे के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी।

## राहुल बोले- राजनाथ ने शिव जी के सामने झूठ बोला

### शहीद अग्निवीर के पिता ने बताया कि मुआवजा नहीं मिला, आर्मी बोली- 98 लाख रुपए दिए



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए लुधियाना के अग्निवीर अजय के परिवार को मुआवजा न मिलने का मुद्दा फिर उठाया। उन्होंने गुरुवार शाम को ट्वीटर पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि संसद में रक्षा मंत्री ने शिव जी की तस्वीर के सामने शहीद अग्निवीर के परिवार को सहायता मिलने के बारे में झूठ बोला। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1 जुलाई को लोकसभा में कहा था कि शहीद अग्निवीरों के परिवार को 1 करोड़ रुपए मुआवजे के रूप में मिलता है। जारी किए गए वीडियो में राहुल ने कहा है कि शहीद अग्निवीर के पिता ने सच्चाई बताई है कि उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। रक्षा मंत्री को संसद, देश, सेना और शहीद अग्निवीर के परिवार से माफी मांगनी चाहिए। राहुल की पोस्ट के तीन घंटे बाद आर्मी ने ट्वीटर पर एक पोस्ट में लिखा- सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि अग्निवीर अजय के परिवार को मुआवजा नहीं दिया गया है। ऐसा नहीं है। परिवार को 98.39 लाख रुपए मुआवजे के रूप में दिए जा चुके हैं। परिवार को 67 लाख रुपए और दिए जाएंगे। पुलिस वेरिफिकेशन के बाद बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। मुआवजे की कुल राशि 1.65 करोड़ रुपए हो जाएगी। सेना अग्निवीर अजय के बलिदान को सलाम करती है। आर्मी के पोस्ट को रक्षा मंत्री कार्यालय ने रिपोस्ट किया और लिखा- भारतीय सेना अग्निवीरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

## सीबीआई ने भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज किया पहला केस, तिहाड़ जेल से जुड़ा है पूरा मामला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के दो जवानों के खिलाफ नए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपनी पहली एफआईआर दर्ज की है। केंद्रीय एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि तिहाड़ जेल में बंद एक शख्स की रिहाई में मदद के लिए 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में यह केस दर्ज किया है। बता दें कि भारतीय न्याय संहिता ने ब्रिटिश काल की भारतीय दंड संहिता की जगह ले ली है। सीबीआई ने बताया कि बुधवार शाम को दिल्ली के मौरिस नगर स्थित नारकोटिक्स सेल में तैनात हेड कांस्टेबल रवींद्र ढाका और परवीन सैनी के खिलाफ नए कानून 61(2) के तहत आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वतखोरी के प्रावधानों के तहत केस दर्ज किया गया।

## अखिलेश बोले-डिप्टी सीएम अब सीएम बनना चाहते हैं : योगी को डर ब्रजेश पाठक कुर्सी न हथिया लें, इसलिए स्वास्थ्य मंत्रालय के बजट में कटौती की

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ( एजेंसी )।** लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक चाहते हैं कि मुख्यमंत्री हट जाएं और वो खुद सीएम बन जाएं। सीएम योगी को डर है कि स्वास्थ्य मंत्री कहीं कुर्सी न हथिया लें, इसलिए स्वास्थ्य विभाग के बजट में कटौती की जा रही है। गुरुवार को अखिलेश ने पार्टी कार्यालय में सहारनपुर से बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनके साथ बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता भी सपा में शामिल हुए।

**हाथरस हादसे के लिए सरकार-प्रशासन जिम्मेदार**-हाथरस हादसे पर अखिलेश यादव ने कहा- बड़े पैमाने पर मौत हुई है। इसका मुझे दुख है। ये कार्यक्रम पहली बार नहीं हुआ है, ऐसे कार्यक्रम होते रहते हैं, लेकिन दुखद ये है कि ऐसी घटनी घटी। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की रही। प्रशासन को हमेशा इस बात के लिए काम करना चाहिए कि कार्यक्रम अच्छे से संपन्न हो और लोग सुरक्षित आएं-जाएं।

### नीट परीक्षा में हुई धांधली मामला

## यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया ट्रेन रोको आंदोलन





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** नीट परीक्षा में हुई धांधलियों को लेकर विरोध करने वाले यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और सांगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से गुरुवार को ट्रेन रोको आंदोलन किया गया। जिसके चलते यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और समर्थक जयपुर के गांधी नगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पहुंचे। लेकिन इससे पहले ही भारी पुलिस जाब्ते ने उन्हे रोक लिया। इसके बाद सभी प्लेटफॉर्म पर ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान अभिमन्यु पूनिया और पुलिस के बीच तनातनी हो गई। इस पर पुलिस उन्हे जबरन उठाकर

#### गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोकने पहुंचे यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया सहित कार्यकर्ता गिरफ्तार

रेलवे स्टेशन से बाहर ले गए। युवा कांग्रेस का कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया। कांग्रेस नेता पुलिस को हिदायत दे रहे थे की विधायक के साथ पुलिस इस तरीके से बर्ताव नहीं कर सकती। इसके बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार यूथ कांग्रेस के नेता गुरूवार सुबह दस बजे के बाद पहुंचे, लेकिन पुलिस आठ बजे ही मौजूद थी। जैसे ही यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता मोदी मुर्दाबाद और अन्य नारेबाजी करते हुए अंदर आए और पटरियों पर कूदने लगे तो वहां पहले से ही तैनात जाब्ते ने उनको काबू कर लिया और बाहर खदेड़ दिया।

गांधी नगर स्टेशन पहुंचे यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और सांगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और धर्मेन्द्र प्रधान को नीट परीक्षा के मामले में बोलना चाहिए। वह कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। यह सही नहीं है। यह लाखों बच्चों के भविष्य का सवाल है। एनटीए संस्था को भी तुरंत प्रभाव से बैन किया जाना चाहिए। पूनिया ने कहा कि सरकार के दबाने से यूथ कांग्रेस के लोग दबने वाले नहीं हैं। यह बच्चों के साथ गलत हुआ है।

## हेमंत सोरेन झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने

बढ़ता राजस्थान




**रांची ( एजेंसी )।** हेमंत सोरेन झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने। जेल से निकलने के छठे दिन ही उन्होंने राज्य की कमान एक बार फिर से अपने हाथ में ले ली है। 24 साल के झारखंड में वे 13वें सीएम बन गए। इसके साथ ही तीसरी बार राज्य के सीएम पद की शपथ लेने वाले वे तीसरे सीएम बन गए हैं। उनसे पहले उनके पिता शिबू सोरेन और बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं। हेमंत सोरेन के इस शपथ को इसलिए भी खास माना जा रहा है कि 31 जनवरी को जिस राजभवन से उनकी गिरफ्तारी हुई थी, 156 दिन बाद दोबारा फिर से उन्होंने वहीं शपथ ली। हेमंत सोरेन इसे अपनी जीत और बीजेपी के षडयंत्र की हार बता रहे हैं।

#### मंत्रियों के चेहरे पर अभी तक नहीं बन पाई है सहमति

राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अकेले हेमंत सोरेन को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीएम पद की शपथ दिलाई। उनके साथ कैबिनेट के किसी मंत्री ने शपथ नहीं ली है। सूत्रों की माने तो मंत्रियों के नाम अभी तक तय नहीं पाए हैं ऐसे में इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि तीन महीने के लिए हेमंत कैबिनेट में नए चेहरे को भी जगह मिल सकती है। अगले एक से दो दिनों में इनके नाम फाइनल होने की

## आडवाणी को अस्पताल से मिली छुट्टी, तबीयत बिगड़ने के बाद हुए थे भर्ती



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को अपोलो अस्पताल से गुरुवार को डिस्चार्ज कर दिया गया। बुधवार रात उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें रात 9 बजे अस्पताल ले जाया गया था और डॉ. विनीत सूरी की निगरानी में रखा गया था। इससे पहले भी आडवाणी को एम्स में भर्ती कराया गया था। अपोलो के डॉक्टर ने बताया कि उनकी हालत अब बेहतर है, इसलिए उन्हें डिस्चार्ज करने का फैसला लिया गया। बता दें, पिछले महीने 26 जून को भी उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। यूरोलॉजी से संबंधित उन्हें परेशानी थी।






## न्यायिक आयोग की पहली बैठक, अध्यक्ष बोले-जल्द हाथरस जाएंगे

### भोले बाबा के 6 सेवादार अरेस्ट, इनमें 2 महिलाएं; वकील बोले- बाबा यूपी छोड़कर भागे नहीं

बढ़ता राजस्थान



**हाथरस ( एजेंसी )।** यूपी के हाथरस हादसे को लेकर न्यायिक आयोग की पहली बैठक नैमिषारण्य गेस्ट हाउस में हुई। इसके बाद आयोग के अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव ने कहा- जरूरत पड़ी तो पुलिस और मीडियाकर्मियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। बहुत जल्द आयोग की टीम हाथरस जाएगी और सबूत इकट्ठा करेगी। दो महीने में जांच पूरी करके रिपोर्ट सरकार और शासन को सौंपनी है। इसलिए हम बहुत तेजी से काम करेंगे। इससे पहले में दोपहर में आईजी रेंज अलीगढ़ शलभ माथुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- पुलिस ने आज 6 लोगों की गिरफ्तारी की। सभी आरोपी आयोजन समिति के सदस्य हैं। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं।

आरोपियों में मैनपुरी का राम लड़ैते यादव, शिकोहाबाद का उपेंद्र यादव, हाथरस का मेड सिंह, मंजू यादव, मुकेश कुमार और मंजू देवी शामिल हैं। इनकी देख-रेख में ही सत्संग चल रहा था।

पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर पर 1 लाख का इनाम घोषित किया है। वह अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। दूसरी ओर, भोले बाबा के वकील एपी सिंह घायलों से मिलने अलीगढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा- बाबा के पास कोई आश्रम नहीं है। वह पेंशन से अपना गुजारा करते हैं। जब भी बाबा को जांच टीम बुलाएगी, वह आएंगे।

हादसे के 48 घंटे बाद भी पुलिस नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा तक नहीं पहुंच सकी। पुलिस ने मैनपुरी, ग्वालियर, कानपुर और हाथरस समेत 8 ठिकानों पर छापा मारा है।

इधर, पुलिस ने एटा, हाथरस और मैनपुरी से 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। सभी भोले बाबा से जुड़े हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- हादसे के लिए प्रशासन और प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी हाथरस आएंगे। वह अस्पताल में भर्ती और प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे।

#### कौन है देव प्रकाश मधुकर सेवादार, जिस पर है 1 लाख का इनाम

हाथरस भगदड़ कांड में पुलिस ने भोले बाबा के मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर को मुख्य आरोपी बनाया। उस पर 1 लाख का इनाम भी घोषित किया है।

देव प्रकाश मधुकर हाथरस के मोहल्ला दमदमपुरा की न्यू कॉलोनी में रहता है। वह पंचायती राज विभाग में इंजीनियर है। घटना के बाद देव प्रकाश मधुकर के घर पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मगर, देव प्रकाश के घर पर ताला लगा था। वह अपने पूरे परिवार के साथ फरार है। इसके बाद लोगों ने उनके घर के सामने जय भीम के नारे लगाए।

#### 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग का 2 महीने में सौंपेगा रिपोर्ट

योगी सरकार ने हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग बनाया है। इसकी अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस बृजेश कुमार श्रीवास्तव कर रहे हैं। रिटायर्ड आईएएस हेमंत राव और रिटायर्ड डीजी भवेश कुमार सिंह आयोग के सदस्य हैं। टीम 2 महीने में जांच पूरी कर रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सुझाव भी देगी।


सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## तीन ड्रग्स माफियाओं से सीएसटी ने पकडा छह किलों मादक पदार्थ गांजा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को पकडा है और उनके पास से पांच किलो 940 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है और साथ ही परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) दिगंत आनन्द ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने बस्सी थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले मनोहर प्रजापति (29), हनुमान सहाय सैनी(38) और पूरणमल शर्मा (38) को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपी गांव चावंडिया पुलिस बस्सी जयपुर के रहने वाले है। आरोपित यह गांजा भरतपुर के गांव राहर से दीपक सैनी नाम के व्यक्ति से 13 हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से खरीदकर लाए थे। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा के संबंध में पूछताछ करने में जुटी है।

## सहायक पुलिस उपनिरीक्षक पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) मुख्यालय की विशेष अनुसंधान टीम (एसआईडब्ल्यू) जयपुर ने अजमेर में कार्रवाई करते हुये चौकी नाका मदार पुलिस थाना अलवर गेट जिला अजमेर के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक नन्द भंवर सिंह को परिवादी से पचास हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की विशेष अनुसंधान इकाई (एसआईडब्ल्यू ) जयपुर को परिवादी ने शिकायत दी गई कि उसके द्वारा दर्ज कराये गये प्रकरण में मदद करने की एवज में आनुसंधान अधिकारी सहायक पुलिस उपनिरीक्षक नन्द भंवर सिंह की ओर से एक लाख रुपये रिश्वत राशि मांग की जा रही है। जिस पर एसीबी जयपुर की विशेष अनुसंधान इकाई (एसआईडब्ल्यू), जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित किशोर शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस उपनिरीक्षक नन्द भंवर सिंह को पचास हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपित सहायक पुलिस उपनिरीक्षक नन्द भंवर सिंह द्वारा शिकायत से पूर्व भी पचास हजार रुपये की रिश्वत के रूप में परिवादी से वसूल कर लिए थे।

## जाली तोड़ने से रोकने पर युवक ने चबा डाली अंगुली, काट कर किया अलग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दौलतपुरा थाना इलाके में मकान की जाली तोड़ने से रोकने पर बदमाश ने युवक की अंगुली चबा डाली। इससे उसकी अंगुली कटकर अलग हो गई। घटना के बाद पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार कोटड़ा निवासी बद्रीनारायण मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि 2 जुलाई को सुरेश मीणा उसके घर पर आया और जाली को तोड़ने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और हाथ की अंगूली चबा डाली। इससे अंगूली कटकर अलग हो गई। घायल युवक को अस्तपाल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसका उपचार जारी है।

## जोन-10 में पन्द्रह बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन ग्राम रोपाड़ा में करीब 15 बीघा जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम रोपाड़ा में जेडीए स्वामित्व की करीब 15 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर भू-माफियों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल, कोठरियानुमा ढ़ांचे बनाकर, तारबंदी कर व अन्य अवैध निर्माण कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जविप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत् उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोग करने के संबंध में उपायुक्त जोन-10 को पत्र लिखा गया है। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## नीमराना में जिला कलेक्टर ने शुरू किया संपूर्णता अभियान

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स.)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नीमराना ब्लॉक में नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने नीमराना के रामलीला मैदान में दीप प्रज्ज्वलित कर किया तथा पौधारोपण अभियान के तहत एक पौधा लगाकर कार्यक्रम को विधिवत शुरु किया गया। अभियान के तहत 6 सूचकांक आकांक्षी जिला और 6 सूचकांक आकांक्षी प्रखंड से संबंधित है। दोनों ही स्तर पर 30 सितम्बर तक पूरा करना है।संपूर्णता अभियान के तहत कोटपूतली-बहरोड़ जिला और नीमराना प्रखंड को आकांक्षी जिला और प्रखंड चयनित किया गया है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, शिक्षा के 6 सूचकांक निर्धारित कर तीन माह यानी 04 जुलाई से 30 सितंबर तक शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करनी है।इस मौके पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि संपूर्णता अभियान के अंतर्गत 6 सूचकांक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीकरण बढ़ाना, उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच शत प्रतिशत करना, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषाहार में सुधार लाते हुए शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना, किसानों के खेत की मिट्टी जांच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, राजीविका द्वारा समूह ऋण बढ़ाते हुए ससमय ऋण देना और वसूली करना शामिल है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर का दीक्षांत समारोह आयोजित

# विश्वविद्यालय किताबी ज्ञान ही नहीं दे बल्कि युवाओं को देश के अच्छे नागरिक प्रदान करें : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/सीकर ।** राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि शिक्षा ज्ञान का हस्तान्तरण है। विश्वविद्यालय अपने यहां विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं दे बल्कि युवाओं को देश के अच्छे नागरिक बनाने और एक सुदृढ़ राष्ट्र के निर्माण में भी सहयोग की भावना से कार्य करे।

श्री मिश्र गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय, सीकर के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा सकारात्मक सोच के साथ अपनी पूर्ण क्षमता से राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना युवाओं पर ही निर्भर है। राज्यपाल श्री मिश्र ने विश्वविद्यालयों में सामाजिक, आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए अनुसंधान क्षेत्रों को भी प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय संस्कृति, अतीत से जुड़ी वीर गाथाओं, राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में यहां के व्यवसायियों के योगदान आदि विषयों के आलोक में कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होने कहा कि यह दौर स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा का है।



उन्होंने शिक्षा जगत और उद्योग के बीच मौजूद आपसी अंतर को पाटते हुए 'आत्म निर्भर' भारत के लिए कार्य करने का आह्वान किया। श्री मिश्र ने विश्वविद्यालय आचार्यो का भी आह्वान किया कि वे युवाओं को नियमित शिक्षा के साथ-साथ उनमें कौशल के साथ स्वरोजगार व प्रतिस्पर्धात्मक रूप से आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार करे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षण संस्थान अनुसंधान प्रौद्योगिकी के विकास, नवाचार और उद्यमिता की भावना को पोषित करने का भी माध्यम बने।

राज्यपाल मिश्र द्वारा कुल 72 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा गया साथ ही कला संकाय के 82672, विज्ञान संकाय के 40376, वाणिज्य संकाय के 10578, समाज विज्ञान संकाय के 29785, शिक्षा संकाय के 36448 एवं विधि संकाय के 1713 स्नातक एवं स्नातकोत्तर दीक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल ने इससे पहले संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालपुरा गेट थाना इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। लोगों की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस की माने तो मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि हादसा तीन जुलाई की शाम को थाना इलाके में स्थित रेलवे लाइन पर हुआ था।

मृतक की उम्र 25 से 30 की बीच की है। जिसकी शिनाख्त नहीं होने की कारण शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। साथ ही मृतक के वारिसान की तलाश में जुटी है।

### निश्चलानंद सरस्वती महाराज का प्राकट्य महोत्सव
### प्राकट्य महोत्सव पर जुटें देश भर के श्रद्धालु संत महंत

## महोत्सव में भजन सत्संग प्रवचन की बही रस गंगा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गोवर्धन मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का 82वां प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रुप मे शिप्रा पथ वीटी रोड ग्राउंड पर धूमधाम से मनाया । कलश यात्रा रथयात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ राम गोपेश्वर महादेव मंदिर से धर्म सभा स्थल तक कलश यात्रा रथ यात्रा निकाली गई। रथयात्रा पुरी की तर्ज पर निकाली गई सैंकड़ों महिलाएं कलश यात्रा में महिलाएं एक ही गणेश में शामिल हुई। कलश यात्रा के पश्चात पार्थिव शिवलिंग की पूजन और अभिषेक हुआ। धर्मसभा स्थल पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन हुआ ।

सभी भक्तों को बागेश्वर धाम बालाजी चित्र सहित सिद्ध हनुमान चालीसा भेंट की । धर्म सभा में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने शिरकत कर गुरु महाराज की पादुका पूजन कीया । जगद्गुरु के श्रीमुख से आशीर्वचन भजन सत्संग प्रवचन के आयोजन हुए । जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने आशीर्वचन में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए उठ खड़े होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों को अपना भूला गौरव याद कर भारत को विश्व गुरु बनाना है।

## रावण ने भगवान श्री राम को बालक समझने की भूल की थी : नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ देश के प्रधानमंत्री की भाषा को अमर्यादित बताते हुए कहा कि यह हमारा दुर्भाग्य है कि हमारे देश का पीएम लोकसभा नेता प्रतिपक्ष के बारे में इस तरह की भाषा व टिप्पणी का इस्तेमाल कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का पीएम मंगलसूत्र, भैंस चोरी, अल्पसंख्यकों को देश की संपदा बांटने जैसी बातें कर इस पद की गरिमा का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में पीएम के शब्दों में घमंड, अहंकार, हिटलरशाही, तानाशाही सर चढ़कर बोल रही है। उन्होंने कहा कि रामायण में लिखा है रावण ने भगवान श्री राम को बालक समझने की भूल की थी नतीजा सबके सामने है। उन्होंने भाजपा नेताओं को भी सलाह देते हुए कहा कि छपास के रोगी नेता प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के बारे में जो बयान दे रहे हैं वे बयान देने के काबिल नहीं है।

## शहर के ऐतिहासिक स्थलों से होकर निकलेगी हेरिटेज राइड, दो सौ साइकिलस्ट ले रहे है भाग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान पर्यटन विभाग और साइक्लिंग पार्टनर फायरफॉक्स बाइक्स के सहयोग से सैंडूरो एमटीबी चैलेंज के 5वें संस्करण का आयोजन छह जुलाई से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय इनक्रेडिबल इंडिया महत्वपूर्ण योगदान है। 2019 में इस इवेंट की शुरूआत हुई थी। राजस्थान की कला एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार एवं अरावली पर्वत श्रृंखला में इको-टूरिज़्म एक्टविटी को प्रोत्साहित करना इस इवेंट का मुख्य उद्देश्य है। आईएफ़एस अधिकारी केसी मीणा ने बताया कि यह दो दिवसीय आयोजन है। जिसमें पहले दिन छह जुलाई को भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय इनक्रेडिबल इंडिया द्वारा प्रस्तुत हेरिटेज राइड होगी। यह राइड आरटीडीसी होटल खासा कोठी से शुरू होगी और जयपुर के ऐतिंहासिक स्थलों से होती हुई आमेर फोर्ट तक जाएगी। इस राइड का उद्देश्य जयपुर की समृद्ध विंरासत और संस्कृति को प्रदर्शित करना है। राइड का समापन खासा कोठी पर होगा। जहां सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार एवं टी-शर्ट दी जाएगी। दूसरे दिन सात जुलाई रेस डे का आयोजन किया जाएगा। यह रेस द बाग घाट की गुणी से शुरू होकर सुमेल की पहाडियों में जाएगी। यह एक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक रेस होगी, जिंसमें प्रतिभागियों को अपनी साइक्लिंग क्षमताओं का प्रदर्शन करने का मौका मिंलेगा। रेस का समापन विद्याधर का बाग पर होगा। विंजेताओं को डिरेफोक्स बाइक्स की तरफ से साइकिल्स पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में देशभर से दो सौ साइकिलस्ट भाग ले रहे है। इस पूरे आयोजन को पुरातत्व और संग्रहालय विभाग सहयोग दे रहा है। इस दौरान आईएफ़एस अधिकारी केसी मीणा, कोर कमेटी के सतेन्द्र सिंह, इंदू गुर्जर, त्रिलोक कुमार मौजूद रहे।




## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने देवीराम मुल्लाका हत्याकांड में फरार चल रहे दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए डीग जिले के कामां थाने के बहुचर्चित देवीराम मुल्लाका हत्याकांड में फरार चल रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। एजीटीएफ ने जो दो आरोपी पकड़े हैं उन पर जिला पुलिस ने पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए की ईनाम रखा हुआ था। दोनों आरोपी पिछले तीन साल से हत्याकांड के बाद से फरारी काट रहे थे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि चार जुलाई को जयपुर टीम ने पुलिस थाना कांमा जिला डीग के पच्चीस-पच्चीस हजार के इनामी अपराधियों को कैथवाडा जिला डीग से गिरफ्तार किया था और टीम ने 26 जून को भी इस प्रकरण के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था। एमएन ने बताया कि डीआईजी योगेश यादव के सुपरविजन एवं एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेन्द्र शर्मा, हैड कांस्टेबल मदन लाल,कांस्टेबल बृजेश कुमार की सूचना पर टीम को डीग भेजा गया था। जहां गुरुवार को टीम के सदस्य शैलेन्द्र शर्मा को जानकारी मिली की पुलिस थाना कामां जिला डीग के बहुचर्चित देवीराम मुल्लाका हत्याकाण्ड के दो कुख्यात फरार बदमाश मुल्लाका निवासी बलराज गुर्जर और रामप्रसाद निवासी मुल्लाका गुरुवार को नगर कस्बा से हरियाणा की तरफ फरारी काटने जा रहे हैं।



जिस पर एजीटीएफ टीम ने थानाधिकारी पुलिस थाना कांमा को सूचना दी। जिस पर पुलिस टीम की मदद से दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

## जर्जर और भवन रहित प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण का कार्य पूरा कराया जाएगा : चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह ने गुरूवार को विधानसभा में आश्वासन दिया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के जर्जर और भवन रहित प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण का कार्य पूरा करवाया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र भादरा में भवन रहित 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से 4 के भवन निर्माणाधीन हैं तथा एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भूमि उपलब्ध है। इसी प्रकार भवन रहित 23 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में से 12 केन्द्रों के भवन निमार्णाधीन है तथा 6 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध हैं। एक उप स्वास्थ्य केन्द्र हेतु निविदा जारी की जाकर भवन निर्माण करवाया जाएगा। इससे पहले विधायक श्री संजीव कुमार के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में श्री गजेन्द्र ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र भादरा में 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन रहित हैं। इनमें से 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माणाधीन हैं।

## महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने 40 लाख ट्रैक्टर की डिलीवरी और अपनी विरासत के 60 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'देश का ट्रैक्टर' लॉन्च कर भारतीय किसानों को सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/मुंबई ।** देश के नंबर वन ट्रैक्टर ब्रांड और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) में कृषि उपकरण क्षेत्र की इकाई महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने गुरुवार को एक विशेष कैम्पेन 'देश का ट्रैक्टर - मिट्टी से जुड़ा, जुनून से सजा' लॉन्च किया। यह कैम्पेन महिंद्रा ट्रैक्टर के 60 साल पूरे होने और 1963 से अब तक 40 लाख ट्रैक्टर यूनिट की बिक्री का जश्न मनाते हुए लॉन्च किया गया है। यह कैम्पेन भारतीय कृषक समुदाय के सम्मान में एक अनूठी पहल है।

देश के परिश्रमी कृषक समुदाय के योगदान को याद करते हुए महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने एक आदमकद ट्रैक्टर-थीम वाली मूर्ति प्रदर्शित की, जो कृषक समुदाय की दृढ़ता की भावना को दर्शाती है। यह मूर्ति महिंद्रा के प्रसिद्ध 'युवो टेक प्लस' ट्रैक्टर के डिजाइन से प्रेरित है। अभिनव और कल्पनाशील, यह मूर्ति भारतीय खेती की विविधता को दर्शाती है और देश भर के 4000 से अधिक खेतों से एकत्रित विभिन्न मिट्टियों के मिश्रण से तैयार की गई है, जो महिंद्रा और भारतीय किसानों के बीच मौजूद मजबूत बंधन को दर्शाती है। 'मिट्टी से जुड़ा जुनून से सजा' कैम्पेन का सार, महिंद्रा ट्रैक्टर्स की भावना को दर्शाता है जो जमीन से जुड़े कृषि समाधान तैयार करता है। ये ऐसे सॉल्यूशंस हैं, जिनकी सहायता से सभी प्रकार के इलाकों में कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से काम किया जा सकता है। यह पिछले 60 वर्षों और उससे भी अधिक समय से भारत और दुनिया भर में खेती को बदलने और जीवन को समृद्ध बनाने के महिंद्रा के 'जुनून' का प्रतीक है। कंपनी के नागपुर विनिर्माण सुविधा में आयोजित एक समारोह में आज महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म डिवीजन के सीईओ श्री विक्रम वाघ की उपस्थिति में मूर्ति का अनावरण किया गया। श्री वाघ ने इस पहल को लॉन्च करने के महत्व की चर्चा करते हुए कहा, ''आज हम 60 वर्षों में 40 लाख ग्राहकों की सेवा करने की इस उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं और इस अवसर पर हम किसानों के भरोसे के प्रति आभार जाहिर करना चाहते हैं, जिसने हमें यह उपलब्धि हासिल करने में सक्षम बनाया है।



इसने हमें 'देश का ट्रैक्टर' बनाने के लिए प्रेरित किया है, जो महिंद्रा ट्रैक्टर्स और मेहनती, अथक और साहसी भारतीय किसान के बीच मजबूत बंधन को दर्शाता है। मैं उन सभी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमें इस उपलब्धि तक पहुंचने में मदद की।'' 60 वर्षों में, महिंद्रा ने 390 से अधिक ट्रैक्टर मॉडलों की विविध रेंज को शामिल करने के लिए अपने ट्रैक्टर ऑफरिंग को व्यापक बनाया है। इस अवधि के दौरान, महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने पूरे भारत में 1200 से अधिक डीलर भागीदारों का एक मजबूत नेटवर्क भी स्थापित किया है। महिंद्रा के लिए ग्राहक सबसे पहले हैं, जिन्होंने ब्रांड को 40 लाख महिंद्रा ट्रैक्टर ग्राहकों के बढ़ते आधार को बिक्री, सेवा और पुर्जों का बेजोड़ समर्थन प्रदान करने में सक्षम बनाया है।

# देवली तहसीलदार ने 30 ट्रॉली बजरी का स्टॉक जब्त किया

## जिला मुख्यालय टोंक में पुलिस सिपाही की हत्या के बाद बजरी माफिया के विरुद्ध यहां प्रशासन की नींद खुली

### बजरी माफिया के विरुद्ध समय रहते करवाई होती रहे तो नहीं हो पुलिस जवानों की हत्या, मौके पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविन्द सिंह सेठी)।** जिला मुख्यालय टोंक में बजरी माफिया द्वारा पुलिस सिपाही की हत्या के बाद गुरुवार को यहां बजरी माफिया के विरुद्ध प्रशासनिक अधिकारियों की नींद खुली हे । गुरुवार को देवली तहसीलदार ने उपखंड क्षेत्र के राजमहल पंचायत के नयागांव में दोपहर 3 बजे बजरी के अवैध स्टॉक पर जब्ती की कार्रवाई की है। वही मौके पर तहसीलदार शक्तावत ने एक बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली भी पकड़ी । यहां जानकारी में बताया कि अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली स्टॉक पर बजरी खाली कर रही थी। इसी दौरान अवैध बजरी खनन परिवहन पर ट्रैक्टर के विरुद्ध की गई है। टोंक जिला मुख्यालय पर पुलिस जवान की हत्या के बाद गुरुवार को यहां उच्च अधिकारियों के निर्देश पर देवली तहसीलदार वीरेंद्र सिंह गिरदावर भंवर रणजीत सिंह के साथ पटवारी प्रियंका जाट समेत राजस्व कर्मचारी दल ने राजमहल पंचायत में नयागांव पहुंचे यहां तहसीलदार ने पाया कि गैर मुमकिन आबादी बाड़ा क्षेत्र में भारी मात्रा में बनास बजरी का अवैध स्टॉक किया हुआ था। इसी दौरान मौके पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली का चालक बजरी खाली कर रहा था। जिसे राजस्व कर्मचारियों के दल ने पकड़ लिया। वही मौके पर बजरी के स्टॉक को जप्त कर बजरी का आकलन किया । जो करीब 30 ट्रैक्टर ट्राली बजरी का स्टॉक पाया गया है । इस कार्रवाई को लेकर गिरदावर भंवर रणजीत सिंह ने बताया कि उक्त बजरी के स्टॉक को सचिव राजमहल को सुपुर्द कर दिया है। जबकि ट्रैक्टर ट्रॉली को दूनी थाना पुलिस को सौंप दिया है। गिरदावर ने बताया कि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है ।



# सांसद दुष्यंत सिंह बारां जिले के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को देंगे धन्यवाद

## धन्यवाद यात्रा कार्यक्रम आज से प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान



**बारां (नि.स.)।** लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिलने के पश्चात सांसद दुष्यंत सिंह 5 जुलाई से तीन दिवसीय बारां जिले के दौरे पर रहकर आम मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद व्यक्त करेंगे। धन्यवाद यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन, विधायक राधेश्याम बेरवा, प्रताप सिंह सिंघवी, ललित मीणा और कंवरलाल मीणा सहित इत्यादि पदाधिकारी भी साथ रहेंगे। भाजपा मीडिया विभाग कोटा संभाग सह-संयोजक राजेंद्र शर्मा एवं जिला संयोजक सचिन सनाढ्य व सह-संयोजक योगेश राजोरा ने बताया कि सांसद दुष्यंत सिंह लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक मतों से पांचवीं बार विजय प्राप्त कर संसद में पहुंचे हैं, इसके लिए वह क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं और आम मतदाताओं का आभार व्यक्त करने हेतु उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे, जिसके अंतर्गत 5 जुलाई को बारां -अटरू विधानसभा क्षेत्र में दोपहर 12.30 बजे बारां नगर, दोपहर 2.00 बजे मंडोला, 2.30 बजे बराना, 3.30 बजे अर्डान्द और मेरमाचाह, 4.30 बजे कवाई (हाथीदिलोद, खरखड़ा), सायं 5:30 बजे कटावर, 6:00 बजे बडोरा (शेरगढ़, खजूरुना और रीछंदा ) एवं 6:30 सकतपुर ( किशनपुरा व भौंरा) में पहुंचकर कार्यकर्ताओं और आम -मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। इसी प्रकार 6 जुलाई को अंता विधानसभा क्षेत्र के अंता नगर में 10.30 बजे, सिंधपुरी में 11.15 बजे, बड़गांव में 12.00 बजे एवं पाटून्दा में 12.30 बजे, उदपुरिया में 1.00 बजे, सीसवाली में 1.30 बजे, शाहपुरा में 2.00 बजे, बोरदा में 2.30 बजे, खुशियां चौराहा (खुशियां, जलोदा और कूंडला ), मांगरोल नगर एवं देहात में 3.30 बजे, भटवाड़ा चौकी और ईश्वरपुरा 4.30 बजे एवं 4.30 बजे बोहत व कोयला में मतदाताओं का आभार व्यक्त करेंगे।

# ग्रामीणों का संतुष्टि स्तर बेहतरीन हो, समस्याओं के समाधान में रखें संवेदनशीलता : सत्यानी



बढ़ता राजस्थान

**चूरू( नि.स. )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने गुरुवार को जिले की सेहला ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित प्रेमसुख लोहिया राउमावि में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कर ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने और अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के साथ रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने सेहला में विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं तथा प्रवेशोत्सव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारी संवेदनशीलता से निस्तारण करें तथा सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों का संतुष्टि स्तर बेहतरीन हो। प्रशासन आमजन की समस्याओं के प्रति गंभीर है। इसलिए ग्रामीणों की समस्याओं की संवेदनशीलता देखें और अति आवश्यकता वाले कार्यों को यथाशीघ्र निस्तारित करें। जिला कलक्टर सत्यानी ने सभी ग्रामीणों से पौधरोपण की अपील की। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर से खाद्य सुरक्षा योजना में नाम नहीं जुड़ने की समस्या रखी, जिस पर जिला कलक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर पंजीकरण शुरू नहीं किया गया है। पोर्टल शुरू होने पर उन्हें जानकरी साझा की जाएगी, जिससे वे पंजीकरण करवा सकेंगे। ग्रामीणों ने विद्यालय के आगे ब्रेकर नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने सानिवि के अधिकारियों को विद्यालय के आगे साइन बोर्ड व वाहनों के स्पीड लिमिट हेतु समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। रतनगढ़ एसडीएम अमित वर्मा ने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए समुचित क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

**विद्यालय का किया निरीक्षण, प्रवेशोत्सव की जानकारी ली :** इसी के साथ जिला कलक्टर सत्यानी ने सेहला के प्रेमसुख लोहिया राउमावि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं तथा प्रवेशोत्सव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालय में नामांकन बढ़ाया जाए तथा किसी कारणवश विद्यालय छोड़ देने वाले विद्यार्थियों को पुन: प्रेरित करते हुए विद्यालय से जोड़ा जाए। जिला कलक्टर ने 10 वीं व 12 वीं कक्षा का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि बोर्ड कक्षाओं के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें तथा उत्कृष्ट परिणाम हासिल करें।

लक्ष्य निर्धारित कर नियमित दिनचर्या को संतुलित करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति भी जागरूक रहें। इस दौरान 12 वीं कक्षा के छात्र इंटरेक्टिव बोर्ड के माध्यम से भौतिक विज्ञान विषय की कक्षा ले रहे थे। जिला कलक्टर के पूछने पर विद्यार्थियों ने बताया कि इंटरेक्टिव बोर्ड के माध्यम से उन्हें सीखने के आसानी व सुलभता है। ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से भी नियमित अध्ययन करते हैं। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान रतनगढ़ एसडीएम अमित वर्मा, तहसीलदार गिरधारी सिंह, सीबीईओ भंवरलाल डूडी, प्रधानाचार्य विनोद कुमार जांगिड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सड़कें बनी दरिया, गड्डों में गिरकर वाहन चालक हो रहे चोटिल



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में मानसून की पहली वर्षा कस्बा वासियों के लिये एक साथ जहाँ भीषण गर्मी व उमस से राहत लेकर आई। वहीं दुसरी ओर दो दिनों से निरन्तर आ रही झमाझम बारिश से नगरपालिका पावटा प्रागपुरा के बाजार व शनि मंदिर के पास सड़कें दरिया बन चुकी हैं। पावटा प्रागपुरा नगर पालिका ईओ व स्थानिय प्रशासन की लचर व्यवस्था से नालिया अवरुद्ध होकर चारों ओर वार्डों में अत्यधिक पानी भराव से ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया।

### वाहन चालक हो रहे चोटिल

वार्ड की गलियों समेत मुख्य बाजार की सड़कों पर जगह जगह हो रहे गड्डों में पानी भरने से दुपहिया वाहन चालक इन गड्डों में गिरकर चोटिल हो रहे है। जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

### नालिया अवरुद्ध

स्थानिय लोगों का कहना है की नगर पालिका द्वारा खुली नालियों के बजाय अंडर ग्राउंड पाईप लाईन दबाकर छोड़ दिया गया। इनमें बने चैम्बरों की समय से साफ सफाई नहीं हो रही एवं हवा से उड़कर इनमें सब्जियों की पोलिथिन व अन्य कचरा जमा हो जाता है जिससे नालियां अवरुद्ध होकर पानी सड़क पर बहने लगता है। यहाँ हल्की बारिश के मौसम में भी हालात बेहद ही खराब नजर आते हैं। जिसके बाद भी प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# टॉप टेन में एक भगोड़ा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र के दूनी थाना में भगोड़े आरोपियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत दूनी पुलिस ने टॉप टेन भगोड़े में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। दूनी थाना प्रभारी सरवर खा के अनुसार कमला नेहरू कनक विहार जयपुर निवासी सुनील पुत्र जगदीश विश्नोई के विरुद्ध एक एनआई एक्ट के तहत विचाराधीन मुकदमे में वह बीते तीन साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के प्रयास भी किया। लेकिन सफल नही हुई। इस दौरान जिले में चलाए गए अभियान के तहत हेडकांस्टेबल राजेश, पुलिसकर्मी भागचंद, विजय सिंह की टीम ने आरोपी भगोड़े को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी टॉप टेन में से पहला आरोपी है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# पौधरोपण कर परिवेश को हरा-भरा रखने का लें संकल्प, पर्यावरण संरक्षण में हो समुचित भागीदारी : सत्यानी

## जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने जिले के रतनगढ़ स्थित गौशाला में किया पौधरोपण



बढ़ता राजस्थान

**चूरू(सुरेश शर्मा)।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने गुरुवार को जिले के रतनगढ़ मुख्यालय स्थित श्रीकृष्ण गौसेवा पिंजरापोल समिति में पौधरोपण कर आमजन से पर्यावरण संरक्षण की अपील की। जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि हम सभी मिलकर पौधरोपण करें और परिवेश को हरा-भरा रखने का संकल्प लें। पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रयासों में प्रत्येक व्यक्ति की समुचित भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति आवश्यक रूप से इस वर्षा ऋतु में कम से कम एक पेड़ लगाए व उसकी समुचित देखभाल की जिम्मेदारी ले। सभी के सम्मिलित प्रयासों से हम क्षेत्र को हरा-भराव खुशहाल रख सकेंगें। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने पीपल, शीशम, बड़, नीम, मौसमी व जामुन के पेड़ लगाए तथा गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए फीडबैक लिया। पौधरोपण के दौरान रतनगढ़ एसडीएम अमित वर्मा, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, डॉ निरंजन चिरानिया, गौशाला संचालक अंजनी कुमार शर्मा, गौशाला अध्यक्ष अशोक कुमार, गौशाला सचिव चतुर्भुज सैनी, मुरारी लाल पारीक, रामप्रसाद प्रजापत, बाबूलाल इंदौरिया, मुरारी लाल पारीक, प्रताप बोथरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विधानसभा में रीको के वार्षिक प्रतिवेदन पर चर्चा

# राज्य सरकार राजस्थान को 'औद्योगिक प्रदेश' बनाएगी : उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को 'औद्योगिक राज्य' बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार का संकल्प भी है और स्पष्ट नीति और नीयत भी है। उन्होंने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए उद्योग बहुत जरूरी होते हैं। जिस देश या राज्य में उद्योग और निवेश आते हैं, वहां अर्थव्यवस्था सुधरती है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री गुरूवार को विधानसभा में राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम लिमिटेड (रीको) के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 पर विचार के दौरान अपना वक्तव्य दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने विगत 10 वर्षों में देश में उद्योग और निवेश के रास्ते खोले हैं। उसी का परिणाम है कि आज दुनियाभर के उद्यमी भारत में निवेश करना चाहते हैं।

देश को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में प्रदेश के उद्यमियों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि अब हम राजस्थान को औद्योगिक रूप से बदलेंगे।

# अंडर पास के कार्य में लेट लतीफी का खामियाजा भुगत रही जनता व्यापार संघ ने अनिश्चित काल भूख हड़ताल की चेतावनी दी

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला से गंगधार की राह अभी भी आसान नही हुई ,अंडर पास के कार्य में लेट लतीफी का खामियाजा जनता भुगत रही है,आमजन को चार से पांच किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा, वही अंडर पास के पास रहवासियों का घर से निकलना हुआ मुश्किल ,घर का दरवाजा खुल रहा अंडर ब्रिज के गड्डे में लेकिन जुम्मेदारो के कान पर जूं तक नही रेंगी है। गुरुवार को समस्त व्यापार संघ ने जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी,मंडल रेल प्रबंधक के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन देकर कार्य शीघ्र तेज गति से पूरा कराने की मांग की है साथ ही दो दिन अंडर पास में दुपहिया वाहन का आवागमन शुरू करने को कहा,यदि दो दिन में दो पहिया वाहन का आवागमन शुरू नही किया गया तो 8 जुलाई सोमवार से रेलवे प्लेटफार्म के समीप अनिश्चित भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।इस अवसर पर व्यापार महासंघ सयोजक दिलीप जैन, खाद्य किराना व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पिछोलिया ,रेडिमेड व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेंद्र कालरा, होटल व्यवसाय राजेश जैन, फूट वियर व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश तिवारी, हाड़वेयर व्यापार संघ अध्यक्ष मकसूद अली बोहरा बर्तन व्यवसाय संघ से विनोद जैन,एडवोकेट आदित्य कटारिया मोजूद रहे ।

# वृक्ष प्रेमियों ने सघन पौधारोपण अभियान के तहत लगाए हजारों पौधे

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र के दूनी मे पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मावकालीन समर कैंप के चौथे दिन गुरुवार को पेंशनर समाज द्वारा विद्यालय के खेल मैदान में बच्चों के साथ सघन पौधारोपण किया गया। शारीरिक शिक्षक शिवजी लाल जाट ने बताया कि पेंशनर समाज ने 7 हजार 111 रुपए की राशि वृक्ष संरक्षण के लिए विद्यालय को प्रदान की। छात्रों के साथ विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान मे लक्ष्य के अनुरूप छायादार एवं अलंकृत पौधे लगाए गए। शिक्षक सुरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि विद्यालय को विभाग द्वारा 3100 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इस दौरान प्रधानाचार्य भंवर लाल कुम्हार, पेंशनर समाज के अध्यक्ष के साथ सत्यनारायण तिवारी, कल्याण मल नामा, गणपत सिंह चौहान समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदली में 1100 पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। शिक्षक भँवरलाल वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय विकास और प्रबंधन समिति के सदस्य रामस्वरूप डागर, पूर्व सरपंच सीताराम हरिवंश, प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश माहेश्वरी, ग्राम पंचायत सरपंच राधा देवी, रवि हरिवंश, वृक्षारोपण प्रभारी किशन लाल मीणा आदि थे। यहां अशोक, करंज, शीशम, नीम, पीपल, बरगद, आंवला और अन्य छायादार पौधे लगाए गए। तो वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीजवाड में भी प्रधानाचार्य प्रेम लाल मीना के निर्देशन में सघन पौधारोपण किया गया। खेल मैदान में प्राथमिक उच्च प्राथमिक कक्षा के छात्र छात्राओं एवं अध्यापको द्वारा 200 पौधें लगाए। पारस मीना, इको क्लब प्रभारी हनुमान जाट, पौधारोपण प्रभारी अनिल कुमार टेलर, सुगन चन्द कुमावत, अनिता मीणा, सीमा जाट, पंचायत सहायक राम कुवार मीना सहित थे।

# इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में अंबेडकर भवन में किया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंता नगर पालिका की ओर से इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार मालव ने बताया कि इस दौरान नीलकंठ कॉलोनी स्थित अंबेडकर भवन में कई किस्म के करीब डेढ़ सौ पौधे लगाए गए। नरेगा कर्मियों की सहायता से करंज, सेमल, अमरूद, जामुन, अनार सहित कई छायादार पौधे लगाए गए। इस दौरान कनिष्ठ तकनीकी सहायक नेहा सेंगर, अभिषेक जैन, नेहा राठौर, दीप शिखा गोस्वामी, हर्ष गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में पालिका कर्मचारी मौजूद थे ।




**कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, किसान भवन, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, लालकोठी, जयपुर**

क्रमांक- 132 दिनांक- 03.07.2024

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या 02/2024-25**

किसान भवन, टॉक रोड, लालकोठी, जयपुर में सुरक्षा हेतु 1 अगस्त 2024 से 31 जुलाई 2025 तक (अवधि 12 माह) 1 सुपरवाईजर व 9 सुरक्षा प्रहरी हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 13.00 लाख की ऑन-लाईन बिड के माध्यम से पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। जिसका UBN No AGM2425SLOB00111 है।

राज.संवाद/सी/24/1707 मुख्य प्रबंधक

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल मनोहरपुर जिला जयपुर-ग्रामीण**

क्रमांक:-न.पा.मनो./2024/298 दिनांक :- 03.07.2024

**निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

नगर पालिका मनोहरपुर द्वारा समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों/संवेदकों, एवं केन्द्रीय सरकार /राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो मे पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र मे ई- प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं ई निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्त वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in तथा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| Total No. of Works | 04 |
| Date & Time of Publishing | 03/07/2024, Time 10:00 am |
| Bid Online Start Date & Time | 03/07/2024, Time 10:15 am |
| Bid Online End Date & Time | 12/07/2024, Time 02:00 pm |
| Tender DD & Documents Submission Start Date & Time | 12/07/2024, Time 10:00 am |
| Tender DD & Documents Submission End Date & Time | 12/07/2024, Time 06:00 pm |
| Technical & Financial Bid Opening Date & Time | 15/07/2024, Time 10:00 am |
| Websites for Downloading Tender Documents | http://eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in |

NIB Code : DLB2425A0701

| Sr. No. | UBN | Sr. No. | UBN |
|---|---|---|---|
| 1. | DLB2425WSOB02163 | 2. | DLB2425WSOB02166 |
| 3. | DLB2425WSOB02170 | 4. | DLB2425WSOB02172 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मनोहरपुर

राज.संवाद/सी/24/1692

## सम्पादकीय

### नई सरकार की नई युवा नीति क्या बदल पाएगी युवाओं का भविष्य

भजनलाल शर्मा सरकार के सत्ता में आने के बाद राजस्थान के युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करते हुए बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जिससे युवाओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिल रही है। ये दावा सरकार का है। अब देखना ये है कि राज्य सरकार की नई युवा नीति युवाओं का भविष्य कितना बदल पाती है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। खेलकूद की सुविधाओं में सुधार और खेल कार्यक्रमों का आयोजन करके राज्य सरकार युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना रही है। राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। प्रदेश सरकार ने बड़ी संख्या मे रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं, सरकारी और निजी क्षेत्रों में भर्तियों को बढ़ावा दिया है और उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहित किया है। विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिनमें युवाओं को आधुनिक तकनीकों और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण मिल रहा है। राज्य सरकार ने आईटी, स्वास्थ्य, कृषि, और निर्माण जैसे क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं जिससे युवाओं को भविष्य के निर्माण के सुनहरे अवसर मिल रहे हैं। साथ ही, स्वरोजगार को ब?ावा देने के लिए वित्तीय सहायता और उद्यमिता विकास कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। सरकार के इन प्रयासों से राजस्थान के युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं जिससे उनके भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाने में सहायता मिल रही है। इस वर्ष सरकारी नौकरियों में 70 हजार पद पर भर्तियां होगी। युवाओ को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों में रिक्त पदों एवं सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त पदों के अनुसार कलेण्डर बनाकर भर्तियां आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष विभिन्न राजकीय सेवाओं के 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। सरकार द्वारा अब तक 16 हजार 641 पदों पर नियुक्ति दी गई है, 58 हजार पदों के लिए विज्ञापन जारी कर 11 हजार 500 पदों के लिए परीक्षा आयोजित कर ली गई है एवं 5 हजार 500 पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र मे उच्च और तकनीकी शिक्षा पोर्टल लॉन्च किया है, जो सरकारी कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाता है। इस पोर्टल के माध्यम से विधार्थियों का एक केंद्रीकृत डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त ,प्रदेश सरकार ने स्मार्ट क्लासरूम और विज्ञान प्रयोगशालाएं स्थापित करने की पहल की है। इन प्रयोगशालाओं में आभासी और संवर्धित वास्तविकता का उपयोग किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सामग्री को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। सरकारी कॉलेजों में मुफ्त वाई-फाई सुविधा और डिजिटल कक्षाएं भी प्रदान की जा रही हैं, जिससे पुस्तकालयों का स्वचालन हो सके। आधार-सक्षम बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली जैसे डिजिटल उपायों को भी लागू किया जा रहा है, जिससे शिक्षा क्षेत्र में समग्र गुणवत्ता और पारदर्शिता में सुधार होगा।

# गांवों से पलायन एवं बढ़ते शहरीकरण के खतरे

**कुछ समय पूर्व स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रि या ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है।**

ललित गर्ग



भारत में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुर्बानी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे। यही हाल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं। रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरें के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। असल में देखें तो संकट वायु प्रदूषण का हो या जंगल का, स्वच्छ वायु का हो या फिर स्वच्छ जल का, सभी के मूल में विकास की वह अवधारणा है जिससे शहर रूपी सुरसा सतत विस्तार कर रही है और उसकी चपेट में आ रही है प्रकृति और उसकी नैसर्गिकता। जिसके कारण मनुष्य की सांसें उलझती जा रही है, जीवन पर संकट मंडरा रहा है। अगर हमें पूरी समस्या से लड़ना है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित महानगरों के स्तर पर और साथ ही पूरे देश के स्तर पर अपनी कई आदतों को बदलना होगा, विकास के तथाकथित मॉडल पर गंभीर चिन्तन करना होगा। वायु प्रदूषण का कारण पराली एवं सड़क पर दौड़ते निजी वाहनों में खोजने की बजाय हमें महानगरों के अनियोजित शहरीकरण में खोजना होगा। पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनज़र शहर एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि शहर के विकास के लिये हरित क्षेत्र की बलि चढ़ाई जा रही है। जलवायु संबंधी परिवर्तनों ने कई शहरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, विशेषत: समुद्र किनारे बसे शहर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं रह गए हैं। इसके अलावा, तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास शहरों में अनेक परंपरागत व्यवसाय करने वाले समूहों के लिये खतरा बन गया है क्योंकि इससे भी पर्यावरण को नुकसान होता है। देश के सभी बड़े शहरों और महानगरों में बड़ी संख्या में स्लम बस्तियाँ बन गई हैं। इनमें रहने वाले लोग शहरी जनसंख्या से संबंधित उच्च एवं मध्य वर्ग की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, परंतु वे न केवल गरीबी के शिकार हैं अपितु बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। प्रत्येक शहर में बेतरतीब यातायात एक गंभीर समस्या बन गया है क्योंकि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को लगभग समाप्त कर दिया गया है। शहर में रहने वाले समृद्ध लोग अपनी शक्ति और संपन्नता के प्रदर्शन के लिये यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और इससे बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं। शहर के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए और दफ्तर चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हर्जाना संभव नहीं है और यही वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है। शहरीकरण यानी रफ्तार और रफ्तार का मतलब है वाहन और वाहन है कि विदेशी मुद्रा भंडार से खरीदे गए ईंधन को पी रहे हैं और बदले में दे रहे हैं दूषित वायु। शहर को ज्यादा बिजली चाहिए यानी ज्यादा कोयला जलेगा, ज्यादा परमाणु संयंत्र लगेंगे। शहर का मतलब है औद्योगिकीकरण और अनियोजित कारखानों की स्थापना, जिसका परिणाम है कि हमारी लगभग सभी नदियां अब जहरीली हो चुकी है।

महानगरों की बढ़ती आबादी को सिर छुपाने को मकान चाहिए, जिसके लिये हरीतिमा क्षेत्रों को हम कंक्रीट के जंगल में तब्दील करते जा रहे हैं। नदी थी खेती के लिए, मछली के लिए, दैनिक कार्यों के लिए, न कि उसमें गंदगी बहाने के लिए। गांवों के कस्बें, कस्बों के शहर और शहरों के महानगर में बदलने की होड, एक ऐसी मृग मरीचिका में लगी है, जिसकी असलियत कुछ देर से खुलती है लेकिन जब खुलती है तब तक लोगों की सांस लेना दुभर हो चुका होता है, जीवन पर संकट के बादल मंडराने लगते हैं। दरअसल स्वतन्त्र भारत के विकास के लिए हमने जिन नक्शे कदमों पर चलना शुरू किया उसके तहत बड़े-बड़े शहर पूंजी केन्द्रित होते चले गये और रोजगार के स्रोत भी ये शहर ही बने। शहरों में सतत एवं तीव्र विकास और धन का केन्द्रीकरण होने की वजह से इनका बेतरतीब एवं असंतुलित विकास स्वाभाविक रूप से इस प्रकार हुआ कि यह राजनीतिक दलों के अस्तित्व और प्रभाव से जुड़ता चला गया, लेकिन पर्यावरण एवं प्रकृति से कटता गया। प्रबुद्ध नागरिक बढ़ते शहरीकरण को लेकर चिंतित रहते हैं और अनियोजित शहरी विकास को नियोजित विकास का रूप दिलाने के लिए न्यायालयों तक का दरवाजा खटखटाते हैं। इसके बावजूद अनियोजित शहरीकरण बढ़ रहा है। शहरीकरण के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। ऐसे में नीति निर्माताओं को इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना होगा। शहरों के विस्तार की बजाय गांवों-कस्बों के विकास पर ध्यान देना होगा। गांव आधारित आर्थिक विकास एवं आर्थिक व्यवस्था को प्रोत्साहन देना होगा। वहां रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था करके ग्रामीण आबादी को शहरों की ओर पलायन से रोका जा सकता है। इससे शहरों पर दबाव भी कम होगा और पर्यावरण, स्वास्थ्य, जीवनशैली पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव में भी कुछ हद तक कमी आएगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है।

**वृष**
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। धार्मिक काम होंगे।

**मिथुन**
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कर्क**
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रिय पात्र से मुलाकात होगी। साथी कर्मचारी आपका सहयोग देंगे।

**सिंह**
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे।

**कन्या**
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। काम का उत्साह बना रहेगा।

**तुला**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

**वृश्चिक**
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें।

**धनु**
संतान की ओर से भी अच्छे समाचार मिलेंगे। किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

**मकर**
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

**कुंभ**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

**मीन**
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे।

## शख्सियत

**जन्म से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कहां पैदा हुए हो इतिहास तो हमारा कर्म लिखता है**

नमस्कार मित्रों, आज हमारी शख्सियत कॉलम के ओरिजनल हीरो हैं डॉ.तैयब खान। धरती के भगवान कहे जाने वाले अलवर के छोटे से धन और शिक्षा में पिछड़े हुए गाँव में 15 दिसंबर सन 1974 में रामगढ़ के समीप गांव धनेटा में इस व्यक्तित्व का जन्म हुआ। इन्हें गुदड़ी का लाल भी कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। गांव के साधारण परिवार में इस किशोर का लालन पालन हुआ। माध्यमिक शिक्षा धनेटा में, रामगढ़ में सीनियर सेकेंडरी के बाद इनके शिक्षको ने कहा कि तैयब तुम आगे पढाई करो और डॉक्टर बनकर हम सबका नाम रोशन करो। बस फिर क्या था कुछ कर गुजरने का जज्बा लिए ये स्टार पढ़ाई में जुट गया और आखिर डॉक्टर बन ही गया। एमबीबीएस एसएमएस मेडिकल कॉलेज से फिर एमडी मेडिसिन कर खुद का अस्पताल अक्टूबर 2004 में शुरू किया। वन रूम क्लिनिक से अब 130 बैड का मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का सफर यूँ ही तय नहीं हुआ। संघर्षो के थपेड़े खाए और जब खुद सेटल्ड हो गए तो मेवात में शिक्षा और सामान्य जागरूकता की अलख जगाने का जिम्मा डॉ. तैयब ने उठाया सन 2009 से सर्व समाज का मेवात प्रतिभा पुरस्कार समारोह का आयोजन शुरू किया ताकि ग्रामीण युवाओ में शिक्षा के प्रति जागरूकता का संचार हो सके। यही नहीं ये बहुत से गरीब बच्चों की फीस खुद ही देते हैं, उद्देश्य सिर्फ इतना कि पढ़ लिखकर व्यक्ति समाज व देश के लिए नए आयाम स्थापित करें। गांवों में आयरन की कमी दूर करने के लिए कैंप लगाते हैं जैसे कहते हैं ना कि हवन करते हाथ जल गए कुछ ऐसा ही डॉ. तैयब का जीवन रहा आयरन की कमी के कारण लगाए जाने वाले कैम्प को भी कुछ जलेसि रखने वाले लोगों ने राजनीतिक द्वंद बनाने का प्रयास किया लेकिन अडिग डॉ. तैयब का विश्वास ओर मजबूत हुआ। कोविड-19 में अलवर के सेंकडो लोगों की जान बचाने वाले भी डॉ. तैयब ही हैं। अपने व्यवहार और कर्म के बल पर आज हर इंसान के दिल मे डॉ.तैयब राज कर रहे हैं। इनकी नजरो में धर्म एक ही है। ये कहते हैं कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। यदि हमें इंसान बनाना आ गया तो समझ लो हमने धर्म को समझ लिया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उजव्वल भविष्य की कामना करती है।

जय हिंद



शख्सियत
डॉ. तैयब खान
( डायरेक्टर, सानिया मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल )

## आज का इतिहास

### 5 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुगल शासक औरंगजेब ने 1658 में अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया।
- ब्राजील के साउ पाउलो में सैन्य विद्रोह 1924 में हुआ।
- लेबर पार्टी ने 1945 में ब्रिटेन के संसदीय चुनावों में विजय हासिल की।
- भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 को ब्रिटिश संसद में प्रस्तुत किया गया जिसे बाद में शाही स्वीकृति मिल गई।
- बीबीसी ने 1954 में पहला टेलीविजन प्रसारण किया। इसकी अवधि 20 मिनट थी और इसे पहले से बनाकर तैयार किया गया था।
- आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट की स्थापना 1954 में हुई।
- अल्जीरिया के ओरान में 1962 को हुए नरसंहार में 96 लोगों की मौत।
- भारत की 1968 में पहली पनडुब्बी सोवियत रूस से पहुंची।
- 31 साल के अमरीकी टेनिस खिलाड़ी आर्थर ऐश पांच जुलाई 1975 को विंबलडन की एकल प्रतियोगिता जीतने वाले पहले काले आदमी थे।
- जनरल जिया उल हक के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना ने 1977 में देश की सत्ता पर कब्जा जमाया।
- पाकिस्तान की सैनिक क्रान्ति में प्रधानमंत्री भुट्टो सत्ताच्युत एवं गिरफ्तार, वहाँ जनरल जिया उल हक ने 1977 में सत्ता संभाली।
- राजन महादेवन ने 1981 में गणित के 'पाई' के 31 हजार 811 अंकों की गणना कर विश्व रिकार्ड बनाया।
- इस्रायल अधिकृत जेरिको में फ़िलिस्तीनी स्वशासन की औपचारिक शुरुआत 1994 में हुई।
- स्कॉटलैंड के रोसलिन संस्थान में शोधकर्ताओं की एक टीम ने 1996 में पहली बार किसी स्तनधारी जीव से निकाली गई कोशिका का क्लोन बनाया।
- पीट सम्प्रास ने 1998 में पांचवीं बार विम्बलडन का एकल ख़िताब जीता।
- टैंक विरोधी मिसाइल नाग का सफल परीक्षण 1998 में किया गया।
- तमिलनाडु में डॉल्फिन सिटी का उद्घाटन 1998 में हुआ।
- संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा तालिबान पर प्रतिबंध की घोषणा 1999 में हुई।
- दुशानबे (कज़ाकिस्तान) में शंघाई -5 देशों का सम्मेलन 2000 को प्रारम्भ हुआ।
- चुनाव में पराजय के बाद बुल्गारिया के प्रधानमंत्री श्वान कोस्तोव ने 2001 में अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- काठमांडु में 2002 को नेपाली कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय में बम विस्फोट में 10 व्यक्ति घायल।
- ग्रीस ने 2004 में यूरो कप फुटबाल प्रतियोगिता जीतकर इतिहास बनाया।
- इंडोनेशिया में पहला राष्ट्रपति चुनाव 2004 में आयोजित हुआ।
- मैक्सिको के दक्षिणी प्रान्त ट्यूबला में 2007 को हुए भू-स्खलन से 60 लोगों की मौत।
- नेपाल की अंतरिम कैबिनेट ने 2008 में संविधान संशोधन के लिए विधेयक लाने का प्रस्ताव पारित किया।
- स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने 2009 में एंडी रोडिक को हराकर विबंलडन खिताब जीता।

## विशेष आलेख

# अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य : रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया के तानाशाहों से अनेक देशों को खतरा

संजीव ठाकुर।



पूरा विश्व तीन देशों चीन, रूस और उत्तरी कोरिया के सनकी तानाशाहों के चलते पूरा विश्व युद्ध की आशंका से ग्रसित हैं। रूस यूरोपीय देश और यूक्रेन के साथ युद्ध में उसे तहस-नहस करने पर आमादा है और रूस ने यहां तक कह दिया है कि यदि अमेरिका ब्रिटेन सहित यूरोपीय देश यूक्रेन का खुलकर साथ देंगे तो वह परमाणु हमला भी कर सकता है। उधर चीन ताइवान को अपने देश का अभिन्न अंग मानता है दूसरी तरफ ताइवान अपने को स्वतंत्र राष्ट्र की तरह मान्यता देता है और अमेरिका यूक्रेन तथा देश को खुलकर मदद देने के लिए कटिबद्ध है, उधर नॉर्थ कोरिया अपनी विस्तारवादी सनक को लेकर साउथ कोरिया पर कब्जा जमाना चाहता है और साउथ कोरिया की अमेरिका से दोस्ती उसको फूटी आंखों नहीं भाती है। रूस,चीन और नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग,व्लादिमीर पुतिन,सी जिन पिंग समय-समय पर अपने विरोधियों और विरोधी नागरिकों को मौत के घाट उतारने से भी नहीं चुकते हैं। आपको याद होगा कि रूस में व्लादिमीर पुतिन ने अपने विद्रोही कमांडर की हत्या करवा दी थी और उसे सामान्य मौत का रूप दे दिया था इसी तरह शी जिनपिंग ने अपने विरोधियों की कई हत्याएं की है। इसी तरह नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन आजकल अपनी सनक की चरम सीमा पर है। नॉर्थ कोरिया की न्यूज़ एजेंसी के अनुसार उत्तर कोरिया के तानाशाह ने एक बार फिर अपनी सनक के चलते एक नौजवान की जान ले ली,इस नौजवान को जिसकी उम्र 22 साल थी सरेआम मौत की घाट उतार दिया,उसका जुर्म सिर्फ इतना था कि वह साउथ कोरिया देश के लोकप्रिय संगीत को सुन रहा था आरोप लगाया गया था कि उसने साउथ कोरिया के पॉप संगीत और फिल्में देखकर उत्तर कोरिया के सख्त कानून को तोड़ा है। इसी तरह एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हुंग प्रांत के रहने वाले इस नौजवान को दक्षिण कोरिया के लगभग 70 गाने सुनने और तीन मशहूर फिल्मों को देखने का गुनहगार बताया गया और उसे मौत की सजा दे दी गईद्य युवक की हत्या से उत्तर कोरिया के नागरिकों बीच काफी निराशा तथा विद्रोह के स्वर मुखर हुए हैंद्य उल्लेखनीय है कि नॉर्थ कोरिया के पुलिस वाले अक्सर नागरिकों के मोबाइल को चेक कर यह देखते हैं कि उनमें बजने वाला वाला संगीत किस तरह का है और यदि वह प्रतिबंधित संगीत या फिल्म देखते हैं तो उन्हें बहुत कड़ी सजा दी जाती है। इसके अलावा उत्तर कोरिया में दुल्हनों को सफेद ड्रेस पहनना, दूल्हे को दुल्हन को साथ ले जाना, धूप का चश्मा लगाना एवं शराब पीने के लिए कांच के गिलास का इस्तेमाल करना अपराध है और इसके उल्लंघन में कड़ी से कड़ी सजा दी जाती है. नॉर्थ कोरिया की तानाशाह की सड़क चरम सीमा पर पहुंच गया है. उत्तर कोरिया में 2020 में रिएक्शनरी आईडियोलॉजी एंड कल्चर कानून बनाया गया जिसके तहत कई सामान्य चीजों को प्रतिबंधित कर दिया गया दक्षिण कोरिया के किसी भी संगीत पर बैन लगा दिया गया इसी तरह अन्य आवश्यक गतिविधियों पर भी कठोर कानून बनाए गए हैं। उत्तर कोरिया में खानपान तथा पहनावे को लेकर भी बेहद कड़े कानून है यहां कोई भी व्यक्ति चिपकी हुई जींस नहीं पहन सकता है एवं हर तरह के अपने मन माफिक हेयर स्टाइल भी नहीं रख सकता और विदेशी भाषा में लिखें टी-शर्तों पर भी प्रतिबंध है। उत्तर कोरिया के नागरिकों को दक्षिण कोरिया की संस्कृति संगीत और ड्रामा बहुत पसंद आता है पर यह बात उत्तर कोरिया की तानाशाह को अपने विरोध में नजर आती है और वह इसे अपनी चुनौती मानता है इसलिए उसने इन सब गतिविधियों पर कड़े कानून एवं प्रतिबंध लगा दिए हैं. इन प्रतिबंधों के नियमों के उल्लंघन में वह नागरिकों को मौत की सजा देने से भी परहेज नहीं करता है। उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन अपनी सनक के चलते लगातार परमाणु परीक्षण भी किया जा रहा है। नॉर्थ कोरिया, रूस तथा चीन के साथ मिलकर अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के लिए बड़ा खतरा बन चुका है वह केवल सेवा के दम पर उत्तर कोरिया में राज कर रहा है वहां की जनता त्राहि त्राहि करने लगी है। अब वहां भी विद्रोह के स्वर सुनाई देने लगे हैं। यह तो तय है कि रूस चीन और नॉर्थ कोरिया में जब भी वहां के आम नागरिकों को मौका लगेगा वह विद्रोह कर इन लोगों को अपदस्त करने से नहीं चूकेंगे। नॉर्थ कोरिया में तानाशाह अपने आपको भगवान घोषित कर चुका है और रूस के तानाशाह लगातार पांचवीं बार जीत कर अपने आप को सबसे बड़ा शासक निरूपित करने में लगे हैं हालांकि यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस के अरबो रुपए और लाखों लोग जान गंवा चुके हैं फिर भी इनका तानाशाह रूप और सनक कम नहीं हो रही है और यही कारण है कि एशिया के कई देशों सहित अमेरिका, ब्रिटेन कनाडा फ्रांस एवं अन्य देश परमाणु युद्ध की आशंका से ससंकित है क्योंकि यदि रूस या नॉर्थ कोरिया अपना परमाणु हथियार इस्तेमाल करतें है तो वह किसी एक देश के खिलाफ नहीं होगा बल्कि वह कई अन्य देशों को अपनी लपेट में लेकर लाखों लोगों की जान ले सकता है ऐसे में तीनों तानाशाहों को रोकने और नियंत्रित करने में भारत के रुस एवं यूक्रेन से अच्छे संबंधों के चलते भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। विकास के लिए मानवता के लिए एवं आने वाली पीढ़ी के लिए शांति तथा अमन बहुत महत्वपूर्ण है और विश्व युद्ध को टालना एक अहम मुद्दा होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# टोंक में बारिश से मौसम हुआ सुहाना तापमान में आई गिरावट, गर्मी और उमस से मिली राहत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** टोंक जिला मुख्यालय में बुधवार देर रात से गुरुवार अलसुबह तक कई जगहों पर तेज बारिश हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान 24 घंटे में ही 3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके चलते लोगों को एक बार फिर से गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 घंटे में 1 डिजी गिरकर 26 डिग्री सेल्सियस रह गया है। इधर बारिश के बाद किसान खेती के कामों में व्यस्त है। बीज यूट्यूब का काम अंतिम चरण में चल रहा है। जहां बुधवार की रात बारिश हुई, वहां नागौर के लिए किसान नागौर में शामिल हो गए। मालूम रहे कि 12 दिनों से जिले में रुक-रुक कर बारिश का दौर बना हुआ है। लेकिन जिले भर में एक साथ काफी समय तक तेज या मूसलाधार बारिश नहीं होने से फसलों की खपत अभी पूरी नहीं हुई है। इसके चलते बड़े बांधों , तालाबों में पानी की अवाक नहीं बनी है। आये दिन रोजाना दो तीन क्षेत्रों में बारिश हो रही है। लेकिन अभी भी कुछ पर तेज बारिश होने से फसल की खपत नहीं हुई है। बुधवार रात को भी पीपलू , उनियारा , टोंक, देवली , टोड़ारायसिंह , निवाई आदि क्षेत्रों में कई तेज तो कई शुरूआती बारिश हुई। इससे सड़के पर पानी बह गया।

### देवली में हुई सबसे ज्यादा 29एमएम बारिश

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार गुरुवार सुबह 8 बजे से पिछले 24 घंटे में चांदसेन ( मालपुरा ) रिंगेज सेंटर पर 5 एमएम, गलवा ( उनियारा ) में 15एमएम, निवाई में 3एमएम, पनवाड़ ( देवली ) में 29एमएम, पीपलू में रामसागर लांबाहरिसिंह ( मालपुरा ) के रेन गेज सेंटर पर 2एमएम, टोड़ारायसिंह 4एमएम, टोंक के रिंगेज सेंटर पर 4एमएम,बारिश दर्ज की गई।

# मॉडल स्कूल में प्राथमिक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में सत्र 2024-25 मे कक्षा 1 से 5 कि प्रत्येक कक्षा में 40 सीटो के विरुद्ध राजस्थान सरकार द्वारा जारी संदर्भित प्रवेश नीति के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि इच्छुक आवेदक प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 5 जुलाई से विद्यालय समय में विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र 5 से 12 जुलाई के मध्य विद्यालय में जमा करवाया जा सकता है। 12 जुलाई के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। कक्षा 1 में प्रवेश के समय उसकी आयु 6 वर्ष से 7 वर्ष के बीच होनी चाहिए। 15 जुलाई को चयनित आवेदकों की सूची का निर्धारण किया जाएगा। 16 जुलाई को चयनित आवेदकों की सूची जारी की जाएगी तथा 19 जुलाई तक चयनित आवेदन का प्रवेश फार्म भरा जाएगा। 22 जुलाई से कक्षाओं का विधिवत संचालन होगा।

# राहोली के राजकीय विद्यालयों में सेव वाटर थीम पर पानी बचाने का दिया सन्देश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव राहोली के ग्यारह राजकीय विद्यालयों में चल रहे समर कैम्प में सेव वाटर थीम पर विविध आयोजनों के माध्यम से पानी बचाने का सन्देश दिया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरा की ढ़ाणी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर कॉलोनी सहित ग्राम पंचायत राहोली के ग्यारह राजकीय विद्यालयों में सेव वाटर थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा पीएमश्री विद्यालय राहोली में सेव वाटर थीम पर फिल्म भी दिखाई गई। इस दौरान सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पानी बचाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर व्याख्याता दिनेशकुमार बैरवा, गुलाबचन्द वर्मा, गणेशी माली, प्रेमचन्द बैरवा, चन्दा लाटा, राजूलाल बैरवा व गोविंद हाथीवाल सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# 17वें विशाल भण्डारे को लेकर तैयारी बैठक 7 जुलाई को डिग्गी चौराहे पर

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** श्री श्याम मित्र मंडल पदयात्रा संघ मालपुरा-फागी-माधोराजपुरा व चौमू के संयुक्त तत्वावधान में डिग्गी के पदयात्रा मेले के दोरान आयोजित होने वाले श्रीजी भण्डारे की तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक 7 जुलाई आयोजित होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए श्याम भक्त व आयोजन से मुख्य रूप से जुड़ कर सेवा करने वाले संघ के पवन मेन्दवास्या ने बताया कि संघ के तत्वावधान में इस बार 17वां श्रीजी भण्डारे का आयोजन होगा। यह भण्डारा लक्खी पदयात्रा मेले की अवधि के दौरान 12 से 16 अगस्त तक आयोजित होगा। इस विशाल भण्डारे की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं व आयोजन से जुड़े मुख्य लोगो की आवश्यक बैठक 7 जुलाई को डिग्गी नुक्कड़ स्थित मालियान धर्मशाला में रखी गई है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय होने के बाद भण्डारे की अन्तिम रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# उच्चा न्यायालय ने दिए चरागाह से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षेत्र के सिंधोलिया के तितरिया गांव की चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए उच्च न्यायालय ने तहसीलदार को निर्देश जारी किए हैं। सिंधोलिया पंचायत के तितरियां गांव के चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर ग्रामीण कन्हैयालाल गुर्जर की ओर से एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा वाले के जरिए दायर जनहित याचिका की सुनवाई के बाद निर्देश जारी किए। इस बाबत माननीय उच्च न्यायालय की जस्टिस पंकज भंडारी व जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ में याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मालपुरा तहसीलदार को निर्देश दिए कि गांव की चरागाह भूमि से अतिक्रमण लेण्ड रेवेन्यू एक्ट की धारा 91 के तहत कार्रवाई कर चरागाह व बीसलपुर विस्थापितो के लिए आरक्षित भूमि से शीघ्र अतिक्रमण हटाऐं।

# श्रीमद् वाल्मीकी रामायण कथा 22 से 30 तक विजयवर्गीय सेवा सदन में

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के नवीन मण्डी बाजार स्थित विजयवर्गीय सेवा सदन में 22 से 30 जुलाई तक श्रीमद् वाल्मिकी रामायण कथा का आयोजन होगा। आयोजक परिवार के सदस्य भंवरलाल व टीकम चन्द ने बताया कि इस अवधि के दौरान प्रतिदिन प्रात: 11 से 4 बजे तक व्यासपीठ से व्याकरणाचार्य आचार्य पं. ऋषिराज शर्मा कथा सुनाएगें।

# जिला कलक्टर की जनसुनवाई में परिवादियो ने रखी समस्याऐं

## सम्बन्धित अधिकारियो को समस्याओं के शीघ्र समाधान के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड के डिग्गी स्थित ग्राम पंचायत सभागार में जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ।

बीति देर शाम जिला कलक्टर झा के ग्राम पंचायत सभागार में पहुंचते ही परिवादी उमड़ने लगे। इस दौरान परिवादियो नें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत क्षेत्र में बढ़ रहे चरागाह भूमि के अतिक्रमण, सुविख्यात धार्मिक स्थल होने के बावजूद साफ सफाई नहीं होने से गंदगी का अम्बार लगा रहने, रोडवेज की बसे डिग्गी न आकर सीधे डिग्गी नुक्कड़ चौराहे से आगे चले जाने, विद्युत विभाग के अधिकारियो की लापरवाही के चलते विद्युत की अनियमित आपूर्ति रहने, डिग्गी बस स्टेण्ड से डिग्गी के चौपड़ चौराहे तक मुख्य सड़क पर अंधेरा रहने के चलते श्रद्धालु व ग्रामीणो को रही समस्या, अंधेरे के चलते धार्मिक नगरी में चोर उचक्को का बोलबाला रहने सहित आम जन से जुड़ी अन्य कई मसस्याओं से अवगत कराया गया। जिला कलक्टर ने समस्याओं से सम्बन्धित अधिकारियो को आम जन से जुड़ी सभी समस्याओं का त्वरित गति से कर राहत देने के निर्देश प्रदान किए।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणो ने मालपुरा क्षेत्र में कोरोना काल के समय से ही बंद पड़े खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़े जाने के कार्य को शीघ्र पुन: चालु करवाने की मांग रखी। ग्रामीणो ने बताया कि खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने का काम नहीं होने के चलते कई पात्र जरूरतमंदों को भारी परेशानी होने व अपात्र लोग योजना का लाभ उठाने की जानकारी दी गई। जिस पर जिला कलक्टर झा ने ग्रामीणो की इस वाजिब मांग को शीध्र सरकार तक पहुंचाने के निर्देश प्रदान किए के दोनो सार्वजनिक लाइटे लगवाने सहित आगामी दिनो में आयोजित होने वाले लक्खी मेले के दोरान डिग्गी धाम की सुन्दरता बढ़ाने की मांग रखी। जनसुनवाई में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानियां, मालपुरा के कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी व पीपलू उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा,पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र मीणा, तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत , थाना प्रभारी कप्तान सिंह, ग्राम सरपंच हमीदा बानू, समाजसेवी हकीम भाई, ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी सुरेश कुमार चौधरी सहित अन्य कई जिला व ब्लाक स्तरीय अधिकारी व भारी संख्या में परिवादीयो के रूप में ग्रामीणजन मौजुद रहे।

# धार्मिक नगरी डिग्गी में 59वां लक्खी पदयात्रा मेला 11 से 15 अगस्त तक

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षेत्र की सुविख्यात धार्मिक नगरी डिग्गी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पदयात्रा का लक्खी मेला 11 से 15 अगस्त तक आयोजित होगा। लक्खी पदयात्रा मेले को लेकर तैयारियां प्रारम्भ हो चुकी है। वहीं जयपुर से चलकर डिग्गी पदयात्रा के आयोजको की ओर से प्रसार प्रचार प्रारम्भ कर दिया गया है। जयपुर से चलने वाली लक्खी पदयात्रा के संयोजक श्रीजी शर्मा पदयात्रा में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस बार यह रदयात्रा 11 अगस्त को जयपुर के चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर के मन्दिर से पदयात्रा का ध्वज रवाना होकर इसी दिन सायंकाल मदरामपुरा पहुंच जाएगा। इसके अगले दिन अर्थात 12 अगस्त को हरसयूलिया, 13 को फागी, 14 को चौसला व 15 अगस्त को पदयात्रा का शाही ध्वज डिग्गी पहुंच जाएगा। इसी दिन शाम के समय डिग्गी स्थित गढ़ प्रागंण में रासलीला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा व 16 अगस्त को प्रात: मंगला आरती के समय श्रीजी का गंगाजल से अभिषेक किया जाकर शाही निशान ध्वज को अर्पण किया जाएगा। एक अनुमान के अनुसार इस पदयात्रा में लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं।

# तीन बेटियों ने अपनी मां के नाम लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर चौहान एन्क्लेव में पौधरोपण किया गया। डॉ. चित्रा शर्मा के नेतृत्व में करीब 100 फल व छायादार पौधे लगाए गए हैं। इस अवसर पर डॉक्टर चित्रा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा व संतुलन के लिए सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर एक साथ तीन बेटियों ने अपनी मां के नाम पौधे लगाए। समाजसेवी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि पौधारोपण के दौरान पपीता, आम, करंज, अशोक, कण्डीर, नींबू, नीम, सहेजन सहित अनेक छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पूर्व उपसरपंच रामलाल शर्मा, सत्यदेव पारीक, अजयकुमार शर्मा, दीपक गुडे, सूरज गुर्जर, सुरजन गुर्जर, हरि शर्मा, सिया शर्मा व सुशीला देवी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# निवाई में मौन जुलूस निकालकर विनयांजलि सभा आज

## राष्ट्रीय संत विराग सागर महाराज का संल्लेखना पूर्वक समाधिमरण के साथ देवलोक गमन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में शुक्रवार को सुबह 9 बजे श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर जी से मौन जुलूस निकाल कर सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर में विनयांजलि सभा का आयोजन होगा। जहां श्रमण संस्कृति के प्रणेता राष्ट्रीय संत विराग सागर महाराज के संल्लेखना पूर्वक समाधिमरण हो जाने पर विनयांजलि सभा आयोजित की जाएगी। प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि राष्ट्रीय संत विराग सागर महाराज के देवलोकगमन हो जाने पर निवाई जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई। उन्होंने बताया कि विराग सागर महाराज बाल ब्रह्मचारी थे। उन्होंने अब तक 3 करोड़ 75 लाख जाप किए। जौंला ने बताया कि प्रकृति से प्रेम करने वाले विरागोदय तीर्थ के संस्थापक गणाचार्य विराग सागर महाराज निरंतर अपने जिनवाणी की साधना करते हुए मोक्ष रुपी का रास्ता अपनाकर देवलोकगमन हुए।

# हिसंक बताने के बयान के विरोध में पुतला दहन आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल मालपुरा के तत्वावधान में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेसी नेता राहुल गांधी द्वारा सम्पूर्ण हिन्दु समाज को हिसंक बताने वाले बयान के विरोध में 5 जुलाई पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन ने बताया कि 5 जुलाई शुक्रवार को प्रातत: 9.30 बजे संजय मार्केट स्थित भाजपा शहर मंडल कार्यालय के बाहर राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए वार्ड वाइज ड्यूटी तय सफाई से संबंधित शिकायत भी दर्ज करा सकते है आमजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा बारिश के मौसम में साफ-सफाई और स्वच्छता को लेकर बेहद संवेदनशील है। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त ममता नागर को निर्देश दिए है कि इस मौसम में डोर टू डोर कचरा संग्रहण में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएं। इसी के तहत आयुक्त ने सफाई व्यवस्था से संबंधित शिकायत कॉल सेंटर भी स्थापित किया है। इसके दूरभाष नंबर 01432-245246 है। साथ ही, टोंक शहर के वार्ड वाइज डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाड़ी के वाहन चालक व जमादार के मोबाईल नंबर भी जारी किए है। इस पर वार्ड के पार्षद एवं आमजन संबंधित जमादार को कचरा संग्रहण के लिए कह सकते है। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि वार्ड नंबर 37,34,36 एवं 52 में जमादार सोनू व गुलाब मोबाईल नंबर 9667615540 एवं वाहन चालक सुमित मोबाईल नंबर 8955858873 डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य करेंगे। इसी तरह वार्ड संख्या 31,32,33 एवं 35 में जमादार सोन व गुलाब (9667615540) एवं वाहन चालक जफर अली (6350169316), वार्ड नंबर 26,27 एवं 28 में जमादार अजय वर्मा (9549099414) एवं वाहन चालक सरफराज (9351514476), वार्ड नंबर 59,60,58 एवं 57 में जमादार लड्डू लाल (7568972108) एवं वाहन चालक वसीम (8005623114) वार्ड नंबर 18,19,20 एवं 21 में जमादार कन्हैया लाल (7737323561) एवं वाहन चालक राजेश (9667052954), वार्ड नंबर 30,39 एवं 40 में जमादार प्रेमचंद टोपिया (9251122363) एवं वाहन चालक अनवर (7737001593), वार्ड नंबर 1,2,7 एवं 8 में जमादार दिनेश कुमार (9024924411) एवं वाहन चालक रामनिवास (9660963774) डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य करेंगे। आयुक्त ने बताया कि इसी प्रकार वार्ड नंबर 50,51,38 एवं 41 में जमादार राजेंद्र कुमार (8306892650) एवं वाहन चालक समीर (7689087251), वार्ड नंबर 22,23,24 एवं 25 में जमादार नवल (7734935870) एवं वाहन चालक फैसल (7737904409), वार्ड नंबर 9,10,11 एवं 45 में जमादार अर्जुन व रामलाल (8114420017) एवं वाहन चालक मज्जू (9214457453), वार्ड नंबर 53 एवं 54 में जमादार हनुमान सिसोदिया (9982985708) एवं वाहन चालक जमील (7665877272), वार्ड नंबर 13,14,15 एवं 6 में जमादार विजय व मुन्ना (9214475826) एवं वाहन चालक समीर (9214828495) डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य करेंगे।

# डांगरथल में हुई जनसुनवाई



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत डांगरथल पर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्रसिंह चौधरी ने गुरुवार को जनसुनवाई की। मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी शैलेंद्रसिंह चौधरी व सरपंच बजरंगलाल बैरवा ने जनसुनवाई की। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नरेंद्रसिंह राठौड़ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर लोगों द्वारा किए हुए अतिक्रमण के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने अधिकारियों को अवगत करवाया कि यदि अतिक्रमण अभी हट जाता है तो पौधारोपण किया जा सकता है। पूर्व में भी कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन व ग्राम पंचायत प्रशासन को अवगत करा दिया गया। लेकिन अब तक भी अतिक्रमण नहीं हट पाया है। जनसुनवाई कार्यक्रम में सडक़ पर हो रहे खड्डों का भी परिवाद आया। जिसे भी प्रभारी ने ग्राम पंचायत को शीघ्र निस्तारण करने के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान हल्का पटवारी, रंभा पटवारी, नर्सिंग ऑफिसर हनुमान शर्मा, जगदीश चौधरी, संदीप पारीक, श्योजी गुर्जर, लक्ष्मी गुर्जर व अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

# उपखंड अधिकारी ने तीन दिवसों में सुअरों को पकडऩे के जारी किए आदेश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** किसानों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक लेकर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने तीन दिवसों में सुअरों को पकडऩे के आदेश जारी किए हैं। जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।

किसान महापंचायत राजस्थान के युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर निष्पक्ष कार्यवाही नहीं करने के कारण 14 जुलाई को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया द्वारा तीन दिवसों में सुअरों को पकडऩे के आदेश जारी किए है।

# जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएं : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** टोंक उपखंड की ग्राम पंचायत पराना में गुरुवार को आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर कहा कि आमजन की पेयजल, विद्युत एवं चिकित्सा संबंधी शिकायतों का निस्तारण शीघ्र किया जाएं। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम, दूसरे एवं तीसरे गुरुवार को ग्राम, उपखंड एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जनसुनवाई में आने वाले परिवादियों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध सीमा में किया जाएं। जिला कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्राम पंचायत के परिसर में पौधारोपण कर आमजन से अधिकाधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी 3 माह पौधारोपण में सक्रिय भागीदारी निभाकर प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का निर्वाह कर सकते है। उन्होंने विकास अधिकारी सविता राठौड़ से टोंक ब्लॉक में पौधारोपण अभियान की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी, तहसीलदार रामधन गुर्जर एवं सरपंच गिर्राज जाट समेत अन्य मौजूद थे।

# दहेज मांग पूरी नहीं करने पर पति ने दिया पत्नी को तीन तलाक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सोडाला थाना इलाके में दहेज मांग पूरी नहीं करने पर मोबाइल कॉल कर पति द्वारा पत्नी को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच पडताल में सामने आया है कि दहेज की मांग को लेकर सुसरालवाले दुल्हन को विदा कर घर नहीं ले गए थे और दहेज मांग पूरी नहीं करने पर पति ने तीन तलाक दे दिया। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि सोडाला निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि फरवरी 2023 में उसकी बेटी का निकाह दिल्ली निवासी युवक से हुआ था। निकाह से पहले ससुराल वालों से दहेज की डिमांड पूछने पर मना किया था। निकाह के बाद बेटी के ससुराल वालों को सुख-सुविधा का सामान खरीदने के लिए पांच लाख रुपए नगद दिए थे।

ससुराल वाले निकाह के बाद बेटी को जल्द विदा कर ले जाने की कहकर चले गए। बार-बार सम्पर्क कर पूछने पर कोई बहाना बनाकर बेटी की विदाई कराकर नहीं ले गए। सालभर समय बीतने पर दिल्ली स्थित बेटी के ससुराल जाकर बात की। ससुरालवालों ने दहेज की डिमांड में कार देने को कहा। कार नहीं दे पाने की कहकर समझाने पर आठ-दस दिन में दुल्हन को पीहर से विदा कर ससुराल लाने की कहा। दिल्ली से आने के बाद सत्ताईस अप्रैल को दामाद ने बेटी को मोबाइल कॉल कर तीन बार तलाक-तलाक-तलाक कहा। तीन तलाक देकर आरोपी दामाद ने फोन काट दिया। काफी प्रयास के बाद भी ससुरालवालों से बात नहीं हुई। जिसके चलते दुल्हन के पिता ने दहेज डिमांड और तीन तलाक का मामला दर्ज करवाया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## कोटपूतली में राहत और आफत की पहली बरसात दूसरे दिन भी रही जारी

# मानसून की पहली वर्षा ने खोली डेनेज सिस्टम की पोल

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में प्री-मानसून का समय खाली निकल जाने के बाद आखिरकार बुधवार दोपहर 04 बजे बाद करीब एक घण्टे दूसरे दिन 1.30 बजे तक आई मानसून की पहली वर्षा कस्बावासियों के लिये एक साथ जहाँ भीषण गर्मी व उमस से राहत लेकर आई। वहीं दूसरी ओर बड़ी आफत का सबब भी साबित हुई। दोपहर बाद जैसे ही झमाझम बारिश शुरू हुई, वैसे ही कस्बावासियों ने उमस से चैन व राहत की सांस ली। लेकिन इसी वर्षा ने एक ओर जहाँ कस्बे के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल कर रख दी। वहीं दूसरी ओर यहाँ निर्माणाधीन सीवरेज लाईन के जगह-जगह धंसे गड्डों ने इस आफत में कोढ़ में खाज का काम कर दिया। उल्लेखनीय है कि कस्बे में करीब 200 करोड़ रूपयों की लागत से मैसर्स टैक्नोक्राफ्ट इण्डिया प्रा. लि. कम्पनी द्वारा सीवरेज लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है।

**सीवरेज लाईन बिछाये जाने में भारी चूक, लापरवाही, नियमों की अनदेखी :** सीवरेज लाईन बिछाये जाने में भारी चूक, लापरवाही, नियमों की अनदेखी, भ्रष्टाचार एवं गुणवत्तापूर्ण व तय मानकों से परे निर्माण कार्य होने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही थी। जिसका नजारा मौसम की पहली ही वर्षा में सामने आ गया। सीवरेज लाईन के जगह-जगह धंसे गड्डों ने निर्माण कम्पनी व नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही की कलई खोल कर रख दी। हालांकि इसको लेकर आमजन द्वारा नियमित शिकायतें भी की जा रही थी, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसका नजारा बुधवार को देखने को मिला। वर्षा के आते ही पूरानी नगर पालिका के सामने सहित शनि मंदिर के पास, अग्रसेन तिराहा, राम भवन के पास, न्यायालय परिसर के सामने, मुंसिफ कोर्ट के सामने, पंचायत समिति के सामने सीवरेज लाईन के गड्डे धंस गये। जिससे वर्षा का पानी भी इनमें जमा हो गया। इस दौरान एक कार व मोटरसाईकिल भी इनमें गिर गई। यह गड्डे बड़े हादसे का कारण भी बन सकते है। लोगों का यह भी आरोप था कि निर्माण कम्पनी द्वारा गड्डों को भरने में नियमों को ताक पर रखकर गाईडलाईन की पालना नहीं की जा रही है। जिसके कारण जमीन थोथी रह जाने के कारण गड्डे धंस रहे है। आमजन का आरोप है कि कम्पनी के अधिकारी व इंजीनियर अपने आपको बहुत बड़ा आदमी समझते है जो कि किसी के प्रति भी जवाबदेह नहीं है। मुख्य मार्गो पर गड्डे होने के तुरन्त बाद नगर परिषद प्रशासन द्वारा आनन फानन में बैरीकेडिंग करवाकर मिट्टी भरवाये जाने का कार्य शुरू किया गया। बारिश से कस्बे के पंचायत समिति रोड़ समेत वार्ड नं. 19 का मौहल्ला चौधरियान, नागाजी की गौर से लेकर भोमियां जी का मंदिर,लक्ष्मी नगर, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, मेघवाल बस्ती व वाल्मिकी बस्ती, कृष्णा टॉकिज के पास वार्ड नं. 21 व 22, डाबला रोड़, राम भवन के सामने, शरण मार्केट समेत कस्बे के विभिन्न ईलाके नालों की वर्षा पूर्व सफाई ना होने के चलते जल मग्न नजर आये। सीवरेज लाईन के इन गड्ड़ों के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

वहीं पहली बारिश में हमेशा की तरह गोपालपुरा रोड़ का ईटली जोहड़ भी ओवर फ्लो हो गया, जिससे लोगों के घरों में पानी भर गया। वहीं दुसरी ओर वर्षा से तापमान में गिरावट आई है, खेतों में पानी जाने से बाजरे की फसल भी बोई जा सकेगी।


पुरानी नगर पालिका के सामने


सेशन कोर्ट के सामने

### सीवरेज की आड़ में सरकारी मिट्टी की काला बाजारी

कम्पनी द्वारा खुदाई में निकलने वाली मिट्टी को भी 300 रूपये प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से बेचे जाने का आरोप भी लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि सीवरेज की खुदाई शुरू होते ही सरकारी जमीन से सरकारी मिट्टी को बेचने का खेल शुरू हो गया था। सीवरेज ठेकेदार द्वारा अभी तक लाखों रूपयों की मिट्टी को खोद कर जहां बेच दिया गया है वहीं उसके परिवहन का सम्पूर्ण खर्चा भी नगर परिषद से वसूला जाता है जो कि टेंडर नियम के अनुसार शर्तो में है, यही नहीं जहां मिट्टी को बेचा जाता है उसका खर्चा भी नगर परिषद से ही वसूला जा रहा है। कस्बे में जहां भी सीवरेज की खुदाई होती है उसके आसपास मौजूद सरकारी जगह को कम्पनी द्वारा डम्पिंग पोईन्ट बना लिया जाता है, यदि तत्काल मिट्टी का कोई बड़ा ग्राहक नहीं मिलता है तो मिट्टी को स्टॉक रखा जाता है, बाद में ग्राहकों की मांग के अनुसार थोक व चिलर में इसकी सप्लाई होती है। इस मिट्टी को ग्राहकों की रेट के हिसाब से 200 से 400 रूपये प्रति ट्रैक्टर बेचा जाता है। ज्यादा मिट्टी की जरूरत हो तो मौके पर पहुंचाकर माल उपलब्ध करवा दिया जाता है।

## सरकारी विद्यालयों में आज होगा सभी कक्षाओं की पुस्तकों का वितरण

### पीईओ परिक्षेत्र के सभी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की दी जाएँगी पुस्तके

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पाठ्य पुस्तक मंडल द्वारा राजस्थान के सभी गवर्नमेंट स्कूल में पाठ्य पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया जाता है। यह पुस्तक पहले शिक्षा सत्र से पूर्व स्कूलों को मिल जाती थी जो स्कूल खुलते ही बच्चों को प्रदान कर दी जाती थी लेकिन इस बार राजस्थान में सरकार बदली तो कुछ नियम भी बदल दिए हैं। गवर्नमेंट स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों को अब यह पुस्तके एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रदान की जाएगी। इसके लिए सभी स्कूलों में आज शुक्रवार को इन पुस्तकों का एक साथ वितरण किया जाएगा। इससे पूर्व राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जयपुर में सुबह 9 बजे मानसरोवर के महात्मा गांधी स्कूल में पुस्तकों का वितरण करेंगे। यह कार्यक्रम भी सभी स्कूलों में ऑनलाइन या वीसी के जरिए दिखाया जाएगा।

ब्लॉक के मुख्य शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा द्वारा इसको लेकर शहर के पंचायत समिति सभागार में वीसी के जरिए उपखंड की 35 ग्राम पंचायत के पीईईओ और बाड़ी शहर के यूसीईओ को यह जानकारी दी और सभी को स्कूल छात्र संख्या के आधार पर पुस्तको का वितरण किया गया। जो शुक्रवार को शिक्षा मंत्री के कार्यक्रम के बाद पीईईओ द्वारा अपने परिक्षेत्र के सभी स्कूलों के टीचर्स को दी जाएगी। जो अपने स्कूलों में जाकर बच्चों को इन पुस्तकों का वितरण करेंगे।

बाड़ी शिक्षा विभाग के ब्लॉक कार्यालय के अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक ने बताया पुस्तक वितरण को लेकर सभी स्कूल्स को जानकारी दी गई है। शुक्रवार सुबह 9 बजे मुख्य राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जयपुर के महात्मा गांधी मानसरोवर स्कूल में पुस्तक वितरण करेंगे। इसका सीधा प्रसारण बच्चों को दिखाया जाएगा। इसके लिए सभी को निर्देश दिए हैं। इस कार्यक्रम के उपरांत सभी पीईईओ अपने परिक्षेत्र के स्कूल टीचर्स को पुस्तक वितरण करेंगे। जो अपने स्कूल में जाकर सभी बच्चों को बुक देंगे। इसके लिए बाड़ी ब्लॉक के 35 पीईईओ और शहरी क्षेत्र के यूसीईओ द्वारा दी गई सूची के अनुसार एक से 12 कक्षा तक के करीब 42000 बच्चों को यह पुस्तके दी जाएगी। वीसी के दौरान अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा,आरपी सुरेश भारद्वाज,घनश्याम मीणा,पीईओ राजेंद्र बघेल, राजकुमार जादोन,रजनीश रावत,राजकुमार उपाध्याय,मोहन सिंह मीणा,रामस्वरूप मीणा,शशि कुलश्रेष्ठ,रामदास बघेल मौजूद रहे।

## पीएमश्री महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर के शिक्षकों ने बाल संसद की टीम के साथ जारी किया उपलब्धियों का पैंपलेट

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** आओ स्कूल चलें अभियान के तहत पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा के साथ शिक्षकों तथा स्कूल की बाल संसद के पदाधिकारियों ने राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद एवं शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी प्रवेश उत्सव अभियान में नामांकन बढ़ोतरी के लक्ष्य प्राप्ति अभियान के तहत स्कूल की उपलब्धियों का पैंपलेट जारी किया।

इस दौरान प्रवेश उत्सव,निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, वृक्षारोपण, मिड डे मील योजना सहित नवीन सत्र की कार्य योजना को मूर्त रूप दिया गया ।संस्था प्रधान राजेश शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में योग्य शिक्षक होने के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। इसीलिए अभिभावकों को सर्वांगीण विकास हेतु अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन में सरकारी स्कूलों के प्रति नजरिए में बदलाव आए और समाज में शिक्षकों की छवि निखरे इसी मुहिम को लेकर कॉन्वेंट स्कूल की तरह ही शेरपुर स्कूल का संचालन कर किसान मजदूर के बच्चों को भी बेहतरीन पढ़ाई के साथ छात्रों की मूलभूत जरूरतों का ध्यान रखते हुए बालकों को आकर्षक कैम्पस और शैक्षिक माहौल प्रदान कराया जा रहा है ।एसएमसी अध्यक्ष खरगजीत बघेल ने कहा कि पिछले सत्र में शेरपुर स्कूल का चयन पीएम श्री योजना अर्थात प्राइम मिनिस्टर स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना में हुआ है। विद्यालय के प्रवेश उत्सव प्रभारी अध्यापक शैलेंद्र सिंह ने बताया अंग्रेजी माध्यम में कक्षा एक तथा हिंदी माध्यम में कक्षा 7 व 8 में बच्चों के प्रवेश लिए जा रहे हैं। इसके लिए हाऊस होल्ड सर्वे कार्य पूर्ण किया गया है ।इस मौके पर शारीरिक शिक्षिका रागिनी त्रिवेदी,अध्यापक गजेंद्र सिंह, अमित कुमार शर्मा, सुरेश कुमार, शैलेंद्र सिंह, हरीशंकर शर्मा, रामशंकर व विरखू लाल,दीनू बघेल ,राहुल बघेल , भारती, कृष्ण कुमार सहित बाल संसद के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।



## बारिश होने से रुकी खरीफ फसल की बुवाई

### खेतों में जलभराव से किसानों को नुकसान, बाजारों में भी भरा पानी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में लगातार हो रही बारिश से किसानों को फसल बुवाई के लिए चिंता सताने लगी है। खरीफ फसल की बुवाई का सीजन शुरू हो चुका है। लगातार हो रही बारिश की वजह से किसान बुवाई नहीं कर पा रहे है। जिन किसानों ने फसल बुवाई की है, उसमें नुकसान देखा जा रहा है। 2 दिन बारिश थमने के बाद बुधवार रात से हुई झमाझम बारिश के बाद शहर के प्रमुख बाजार एवं गली मोहल्ले जलभराव की चपेट में आ रहे हैं। जिससे नगर परिषद की व्यवस्थाओं की भी पोल खुल रही है। फसल की दृष्टि से बारिश अमृत बनकर आई है, लेकिन किसान अब बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि पिछले कई दिनों से जिले में लगातार बारिश का दौर रुक-रुक कर चल रहा है। फसल की बुवाई के अनुकूल बारिश हो चुकी है, लेकिन बारिश थमने के बाद ही बुवाई शुरू हो सकती है। बुधवार को बरसात शुरू हुई थी, जो रात भर जारी रही। किसानों का कहना है कि खेत पानी से लबालब भर गए हैं। पानी से लबालब भरे खेतों में बुवाई नहीं हो सकती है। धौलपुर जिले में बाजार, दलहन, तिलहन, ज्वार, ग्वार मक्का आदि खरीफ की फसल की बुवाई का ट्रेंड चलता है, लेकिन बारिश अधिक होने की वजह से बुवाई नहीं हो सकी है। रेतीली जमीन वाले किसानों ने बुवाई को शुरु कर दिया है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से बुवाई की हुई फसल में भी नुकसान की संभावना है। किसानों का कहना है कि बरसात थमने के बाद ही बुवाई शुरू हो सकती है।



## पर्यावरण संरक्षण कानूनी जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़, गोविंदगढ के अध्यक्ष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री गोपाल सैनी के निर्देश अनुसार आज ग्राम पंचायत भैंसरावत राजीव गांधी निर्माण केंद्र पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कितीन नए कानून के विषय में भी दी जानकारी भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता, साक्ष्य कानून को भारतीय साक्ष्य अधिनियम और सीआरपीसी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नाम से जाना जाएगा। पूरे देश में पहली जुलाई रात बारह बजे से तीन नये कानून लागू हो गया हैं।

**जीरो एफआईआर के तहत केस दर्ज :** जीरो एफआईआर से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा। छात्रों को पेड़ लगाने और पृथ्वी को हरा-भरा बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित किया।

**केंद्र के प्रांगण में कार्मिकों द्वारा पौधा लगाकर पर्यावरण का दिया संदेश :** वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य प्रत्येक नागरिक इस चौमासा के मौसम में एक पौधा अवश्य लगे और उसकी सार संभाल की जिम्मेदारी लें। ये रहे मौजूद पीएलवी अनिल कुमार, सरपंच रामहेत जाटव सभी पंचगण लक्ष्मी,रमेश,सचिन,मंजू, पिंकी, राधे श्याम, सुंदर, तिलक राज, दिनेश आदि मौजूद रहे।



## राजाखेड़ा पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार : हत्या के प्रयास के मामले में 3 माह से चल रहा था फरार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले की राजाखेड़ा पुलिस ने लोकल एवं स्पेशल एक्ट के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए राजाखेड़ा थाने पर दर्ज एक हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है ।मामले को लेकर राजाखेड़ा थानाधिकारी वीर सिंह ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर राहुल प्रकाश, एसपी धौलपुर सुमित मेहरड़ा और एडिशनल एसपी मनोज शर्मा के निर्देशन व सीओ मनिया राजेश शर्मा के निकटतम सुपरविजन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राजाखेड़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी कोमल सिंह पुत्र भोलाराम उर्फ प्रेम सिंह निवासी सायकापुरा थाना निबोरहा जिला आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस अब मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

**ये रहे मौजूद :** कार्रवाई करने वाली टीम में राजाखेड़ा थानाधिकारी वीर सिंह के साथ एएसआई राजेश कुमार, कांस्टेबल रामरूप, हरिओम विनोद आदि मौजूद रहे।



## युवा समाजसेवी तनेजा ने आरएसएस रामलाल से की शिष्टाचार भेंट



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर के युवा समाजसेवी, उद्योगपति और नेक कमाई फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर अभिषेक तनेजा गुरुवार को दिल्ली पहुंचे जहां उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख आदरणीय रामलाल जी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने देश विदेश में अलवर का प्रसिद्ध कलाकंद उन्हें भेंट किया।

## इको क्लब के तत्वाधान में स्काउट छात्रों ने 500 पौधे लगाए

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बें के सरस्वती मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को इको क्लब के तत्वाधान में स्काउट छात्रों व विद्यालय स्टाफ द्वारा 500 पौधे लगाए गए। निदेशक डॉ शशिकांत बोहरा ने बारिश का सीजन शुरू होने के बाद आमजन से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करनें की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि वृक्ष ही इस संसार में सिर्फ देने का काम करते हैं इसके बदले कुछ नहीं लेते। इस मौके पर प्रधानाचार्य बलबीर,स्काउटर राजकुमार शर्मा, महेश चंद पारीक ,संजय शर्मा ,रोहतास यादव सहित विधालय स्टाफ मौजूद रहा।



## दीवार गिरने से दो युवक घायल : ग्रामीणों ने ईंटों के नीचे से निकालकर पहुंचाया अस्पताल

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि .स .)। सैंपऊ थाना क्षेत्र के राजौरा खुर्द गांव में बारिश की वजह से ईंट की दीवार गिर गई। दीवार के गिर जाने से उसके नीचे बैठे दो युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है। घायलों को अस्पताल लेकर पहुंची ग्रामीणों ने बताया गुरुवार दोपहर बाद उनके गांव में हुई बारिश के दौरान तीन युवक बारिश से बचने के लिए एक ईंट की दीवार के सहारे खड़े हो गए। ग्रामीणों ने बताया- ईंट की दीवार से लगाकर एक छप्पर रखा हुआ था, जिसके नीचे तीनों युवक खड़े थे। इसी दौरान बारिश की वजह से ईंट की दीवार भरभरा कर गिर गई। हादसे में एक युवक बच निकला, जबकि दो युवक दीवार के नीचे दब गए।

## मत्स्य पी. जी. कॉलेज व पार्वती देवी गर्ल्स कॉलेज में मनाया प्रवेशोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बें के नारायणपुर रोड स्थित मत्स्य पी. जी. कॉलेज व पार्वती देवी गर्ल्स कॉलेज में सत्र 2024-25 में नवआगुन्तक छात्र-छात्राओं का प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशिका अंजू जयसिंह मीणा ने माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर गायत्री मंत्र का जाप किया तथा छात्र-छात्राओं को कडी मेहनत और अनुशासन में रहते हुये अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जागरूक रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्दा का युग है इसमें अथक प्रयास से ही सफलता का मार्ग मिलता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ ने भी बानसूर क्षेत्र के अनुशाषित कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं बी.ए. व बी.एससी. प्रथम वर्ष की कक्षाएँ भी आज से ही शुरू कर दी गई है। जिससे की छात्र-छात्राओं का प्रथम सैमेस्टर का पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण कराया जा सके ।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर कॉचिंग विद्यार्थियों के बीच पहुंचा स्वास्थ्य विभाग

## एलन के सत्यार्थ भवन का निरीक्षण कर पेयजल सिस्टम को जांचा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** डेंगू-मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग गुरूवार को जवाहर नगर स्थित कॉचिंग संस्थान (एलन सत्यार्थ भवन) पहुंचा। विभाग के मुखिया सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी के नेतृत्व में टीम के डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ घनश्याम मीना, कीट विज्ञानी (एंटोमोलोजिस्ट) डीपी चौधरी, महामारी रोकथाम विशेषज्ञ (एपीडेमियोलोजिस्ट) डॉ विनोद प्रभाकर सहित विभाग के आधा दर्जन स्वास्थ्य कार्मिकों ने संस्थान के कॉचिंग स्टूडेंट्स को मच्छर जनित बीमारियों से बचने के उपाय बताए। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि बारिश के इस सीजन मे जगह-जगह जल भराव होने से शहर में डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों के फैलने की आशंका है। इसे देखते हुए चिकित्सा विभाग द्वारा पूरी सतर्ककता के साथ जुलाई माह को एंटी डेंगू माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार विभाग पूरी ताकत से बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण में जुटा है। जनवरी से ही घर-घर सर्वे और एंटी लार्वा गतिविधियां करवाई जा रही है। विभाग ने इस महीने रोकथाम गतिविधियों को तेज करते हुए और अधिक प्रभावी और संघनता के साथ शुरू किया गया है। गुरूवार को सीएमएचओ और उनकी टीम ने विद्यार्थियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए लार्वा का प्रदर्शन किया। पोस्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को मच्छर के प्रजनन स्थलों की पहचान करने, लार्वा से व्यस्क मच्छर बनने के चरणों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को लार्वा और व्यस्क मच्छर को नष्ट करने के लिए एंटी लार्वा व एंटी एडल्ट कार्रवाई करने के बारे में समझाया। एंटी एडल्ट कार्रवाई में पायरेथ्रम का स्प्रे और फॉगिंग आदि की जानकारी भी दी। टीम ने कोचिंग छात्र छात्र-छात्राओं से यह आश्वासन भी लिया गया कि वे अपने हॉस्टलो, घरों में रखे कूलर, टंकी, पक्षी के परिण्डों, गमले एवं फ्रिज की ट्रे इत्यादि मे प्रति सप्ताह सोर्स रिडक्शन कार्रवाई करवाकर 'कामयाब कोटा बनाना है, डेंगू को हराना है' अभियान में भागीदारी निभाएंगे। इस दौरान टीम ने संस्थान के भवन में पेयजल सप्लाई वाले आरओ प्लांट एवं उसमें यूवी लाइट सिस्टम तथा क्लोरिनेशन के लिए डोजिंग पंप की कार्यस्थिति भी जांची। वहीं, पानी की नियमित केमिकल व बैक्टीरियोलॉजिकल जाँच व क्लोरोस्कोप से क्लोरीन लेवल की जांच रिपोर्ट को भी चेक किया। इस दौरान टीम के अन्य सदस्य डॉ दीपेश तिवारी, पीएचएम ईश्वर श्रृंगी एवं ओम प्रकाश वैष्णव ने भी टीम का सहयोग किया। इस मौके पर टीम ने ऐलन कोचिंग संस्थान की प्रबंध कमेटी से मिलकर बीमारियों से बचाव आईईसी जागरूकता संबंधी पोस्टर, पम्पलेट, ऑडियो-वीडियो संदेश सोशल मीडिया ग्रुपों पर शेयर करवाए।



# सांगोद विधानसभा क्षेत्र के 24 स्कूलों में 69 कमरों का होगा निर्माण और मरम्मत कार्य

## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अनुशंसा पर 9.75 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत, निविदा जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अनुशंसा पर सांगोद विधानसभा क्षेत्र में 24 माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों में 9.75 करोड़ से अधिक की राशि के कार्य स्वीकृत हुए हैं। ऊर्जा मंत्री के निजी सहायक राजेंद्र नागर ने बताया कि इन स्कूलों में 69 कमरों के निर्माण, मरम्मत के अलावा पेयजल के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। राजस्थान परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा एवं आयुक्त स्कूल शिक्षा राजस्थान की ओर से कार्यों को लेकर निविदा भी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बालिका माध्यमिक स्कूल धुलेट में 16 लाख से अधिक की राशि से चार कमरों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। साथ ही 29 लाख से अधिक की राशि से बालिका माध्यमिक विद्यालय दीगोद में, 41.34 लाख रुपए की राशि से बालिका माध्यमिक विद्यालय रेलगांव और बालिका माध्यमिक विद्यालय निमोदा हरिजी में कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य होगा। माध्यमिक विद्यालय आमली झाड़ में 4 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य किया जाएगा। नालोदी में 44.62 लाख रुपए की लागत से 8 कमरों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि माध्यमिक विद्यालय सांगोद में 53 लाख, माध्यमिक स्कूल खड़िया में 34.69 लाख, खजूरी में 9.93 लाख, झालरी में 29.33 लाख, किशनपुरा में 16.16 लाख , हींगी में 29. 33 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोलाई कलां और चौमा मालियान में 16.16 लाख, रेलगांव में 29.33 लाख, कोटसुआं में 40.04 लाख, कंवरपुरा में 29.33 लाख, लोड़ाहेड़ा में 29.86 लाख रुपए की लागत से कक्षाकक्षों का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा माध्यमिक स्कूल धूलेट में 7.84 लाख, रामनगर कनवास में 27. 60 लाख, सावनभादो में 7.84 लाख, मुंडला स्कूल में 11.84 लाख रुपए की लागत से स्कूल मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। वहीं प्राथमिक स्कूल कासमपुरा और प्राथमिक स्कूल जियाखेड़ी में 5.51 लाख रुपए की लागत से पेयजल के कार्य होंगे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 378 लोगो का पंजीयन कर लाभांवित किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्रीय विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड के तत्वावधान में गुरुवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का रामलालजी सोमानी धर्मशाला में उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर, महंत अनुजदास मुंगाना एवं समाजसेवी किन्नर निलो की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित के साथ आयोजन किया गया।उक्त शिविर में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा विविध बीमारियों से संबंधित रोगियों को नि:शुल्क जांच कर आवश्यक दवाइयां तथा नेत्र रोगियों को नि:शुल्क नम्बर के चश्मे वितरित किए गये। उल्लेखनीय है कि इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 378 लोगो का पंजीयन कर उन्हे लाभान्वित किया गया।इस दौरान विहिप नगर अध्यक्ष कमलेश वैष्णव,विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार बारेगामा,प्रखंड अध्यक्ष लाला चाष्टा,प्रखंड मंत्री गोपालकृष्ण काबरा,प्रखंड पालक लक्ष्मीलाल आचार्य,जिला सहसंयोजक रोहित सिंह,भीप्रखंड धर्म जागरण प्रमुख श्यामलाल वैष्णव,बजरंग दल प्रखंड संयोजक शोभालाल जाट,मिलन केंद्र प्रमुख अक्षत सिरोया,सत्संग प्रमुख मुरली टेलर,प्रखंड सहमंत्री राधाकृष्ण बागड़ा,ओम शर्मा,छात्रसंघ अध्यक्ष तरुण बारेगामा,भारत विकास परिषद कपासन अध्यक्ष कमल दाधीच,सदस्य बादशाह सिंह,रमेश सोमानी,रामकरण सोमानी,गणपत सिंह, रामनारायण सोमानी आदि सहयोग के साथ उपस्थित रहे।

# तीसरी बार सांसद बनने पर सीपी जोशी का अभिनंदन समारोह के साथ होगा कपासन में स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** तीसरी बार सांसद का चुनाव जीतने के बाद प्रथम बार रविवार को नगर कपासन आगमन पर आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह की तैयारीयो हेतु गुरुवार को भाजपा नगर मंडल कपासन पदाधिकारीयो की बैठक का क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के निर्देश पर आयोजन किया गया।उक्त विधायक कार्यालय कपासन पर आयोजित बैठक में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ को सांसद सीपी जोशी के अभिनंदन समारोह को लेकर सुझावों के साथ जिम्मेदारी निश्चित की गयी।इस बैठक में लोकसभा चुनाव संयोजक राधेश्याम वैष्णव,ग्राम सेवा सहकारी समिति एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद कपासन नंदकिशोर टेलर,महामंत्री सोहनलाल खटीक,नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय, गजेंद्र बाघमार,एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,उपाध्यक्ष दिनेश सोनी,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। इधर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन पंकज सिरोया ने बताया कि सांसद सीपी जोशी का रविवार प्रात: 10.30 बजे नगर कपासन आगमन होगा।इसके उपरांत एसआर वाटिका में विधायक अर्जुनलाल जीनगर के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र कपासन के समस्त भाजपा मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ द्वारा क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी का उत्साह एवं समारोहपूर्वक स्वागत अभिनंदन किया जायेगा।

# उपखंड अधिकारी ने धमाणा जीएसएस का निरीक्षण किया एवं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्रीय उपखंड अधिकारी द्वारा गुरुवार को धमाणा जीएसएस का निरीक्षण किया गया।साथ ही क्षेत्रीय विद्युत विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया।सहायक अभियंता विद्युत विभाग कपासन मुनीश कावंत ने बताया कि उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर द्वारा उपखंड क्षेत्र के 33/11 केवी जीएसएस धमाणा का निरीक्षण किया गया।साथ ही उपखंड अधिकारी राजीव बडगुजर द्वारा विद्युत विभाग की विभिन्न व्यवस्थाओं पर संतोष प्रकट किया गया।

# बुजुर्ग महिला से कान की झुमकिया लूटकर ले भागे बाइक सवार

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। शहर में 80 साल की बुजुर्ग महिला से लूट का मामला सामने आया है। महिला छड़ी के सहारे धीरे-धीरे चलते हुए अपने घर जा रही थी। अचानक बाइक सवार दो बदमाश आए और महिला के कान की झुमकियां निकालकर भाग गए। घटना कोटा के नयापुरा विवेकानंद सर्किल की है। महिला झमकू बाई नयापुरा बस स्टेंड के पास की रहने वाली है। वह गुरुवार दोपहर नयापुरा रोडवेज बस स्टेंड के पास स्थित अपने घर जा रही थी। इस दौरान गणेश ट्रेवल्स के पास बाइक पर आए दो नकाबपोश युवकों ने महिला को रूकवाया और कहा कि वह बुजुर्ग महिला को घर छोड़ देंगे। महिला ने सोचा कि दोनों युवक मोहल्ले के होंगे। ऐसे में भरोसा कर उनकी बाइक पर बैठ गई। बाइक सवार युवक बुजुर्ग को घर की ओर नहीं ले जाकर चंबल की पुरानी पुलिया की ओर ले गए। पुलिया पर ले जाकर कान की एक तोले से ज्यादा सोने की झुमकी छीनकर निकाल ली।

महिला ने तुलसी की माला के साथ प्लास्टिक के पीले मोती का मंगलसूत्र पहन रखा था, जिसे भी सोने के मोती समझ कर छीन कर ले गए। बदमाशों ने बुजुर्ग महिला को धक्का मारकर नीचे गिरा दिया, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई।

# यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस से धक्का-मुक्की

## नीट पेपर लीक मामले में दिया धरना

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर यूथ कांग्रेस की तरफ से कोटा में भी विरोध-प्रदर्शन किया गया। कोटा रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ता रेल रोको आंदोलन के तहत ट्रेन रोकने पहुंचे। हालांकि पुलिस ने उन्हें स्टेशन के करीब नहीं जाने दिया। ऐसे में कार्यकर्ता बाहर धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं की सांकेतिक गिरफ्तारी की।

यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यकारी अध्यक्ष यशवीर शुरा के नेतृत्व में कार्यकर्ता सर्किट हाउस पर इकट्ठा हुए और नारेबाजी करते हुए स्टेशन पहुंचे। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस की तरफ से स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भारी पुलिस बल स्टेशन एंट्री प्वाईंट पर लगाया गया था। कुछ दूरी पर बेरिकेडिंग कर वहां भी पुलिस बल तैनात किया गया था। कार्यकर्ता नारेबाजी कर बेरिकेडिंग तक पहुंचे लेकिन पुलिसकर्मियों ने आगे बढ़ने नहीं दिया। कार्यकर्ताओं ने आगे जाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। इस



दौरान हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। कार्यकारी अध्यक्ष का कहना था कि नीट को परिणाम सामने आया है उसमें अनियमितता मिली है। यह साफ हो गया है कि पेपर लीक हुआ है। लेकिन इसके बाद भी सरकार मानने को तैयार नहीं है। विपक्ष ने इस मुददे को तीन चार दिन संसद में उठाया, इस पर चर्चा की मांग की लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने इस पर चर्चा की अनुमति नहीं दी। हर साल लाखों बच्चे नीट की तैयारी करते है। सत्ता पक्ष इस चीज से भाग रहा है। यह सरकार पेपर लीक सरकार बन चुकी है। और अब जनता सड़क पर उतरेगी। पर्ची सरकार को प्रशासन-सरकार चलाना नहीं आता। इनके विधायक-मंत्रियों की हालत ऐसी होगी।

# कपासन क्षैत्र के काच्छिया खेड़ी ग्राम की झाड़ियों में नर कंकाल मिलने पर पुलिस प्रशासन हुआ मुस्तैद

## घर से खाटूश्याम दर्शन को जाने का कहकर निकले व्यक्ति का मिला कंकाल

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम काच्छिया खेड़ी में रेलवे पटरी के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति का कंकाल मिलने से आमजन में सनसनी फैल गई।सूचना पर कपासन पुलिस मौके पर पहुंची।जिसके बाद झाड़ियों में पड़ी मृतक व्यक्ति की हड्डियों को इकट्ठा कर राजकीय चिकित्सालय के मॉर्च्यूरी में रखवाया गया।शव लगभग दस दिन पुराना बताया जा रहा हैं।जिसको जंगली जानवरों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया।मृतक की पहचान कंकाल के पास मिले आधार कार्ड व एटीएम कार्ड से हुई। इधर थानाधिकारी कपासन रतन सिंह ने बताया कि बुधवार रात्रि 11 बजे सूचना मिली की



रेलवे लाइन पर काच्छिया खेड़ी मार्ग से 100 मीटर दूर झाड़ियों में एक नर कंकाल पड़ा हुआ है।जिस पर पुलिस प्रशासन मौके पर पंहुचा।जहां झाड़ियों में मानव खोपड़ी सहित अन्य हड्डियां पड़ी मिली एवं कंकाल के पास कागजात बिखरे पड़े हुए थे।जिसमें आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड व किपेड वाला बंद मोबाइल मिला।जिससे मृतक की पहचान भदेसर थाना अंतर्गत भदेसर निवासी मंगलेश पुत्र राधेश्याम के रूप में की गई।सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तथा वहां पड़े मिले कपड़े व आईडी फोटो से मृतक की पहचान की।जिसके बाद पुलिस ने मौके पर मिले अवशेष को मॉर्च्यूरी में रखवाया। पुलिस प्रशासन द्वारा गुरुवार को मौके पर और अनुसंधान किया गया।जिसमे और मानव हड्डियों के अवशेष मिले।पुलिस ने एफएसएल मोबाइल टीम एवं रेलवे पुलिस को सूचना दी।मृतक के भाई पवन ने बताया कि उसका बड़ा भाई मंगलेश 20 जून को अपने घर से खाटूश्याम जाने की कहकर निकला था।इसके बाद उससे संपर्क नहीं हुआ।वह ड्राइवरी के साथ अन्य जो काम मिलता वो कर लेता था।जिससे कई बार घर से कई दिनों तक बाहर रहता एवं मोबाइल भी कम ही रखता था।मृतक के परिजनों ने किसी भी शंका से इनकार किया।वहीं पुलिस मामले को लेकर जांच में जुटी हुई हैं।पुलिस ने कंकाल का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# उपखंड अधिकारी कपासन की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में 34 परिवाद प्राप्त हुवे



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजन किया गया।जिसमे कुल 34 परिवाद प्राप्त हुवे।

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का प्रात: 11 से 2 बजे तक उपखंड क्षेत्र कपासन की ग्राम पंचायत धमाणा में आयोजन किया गया। यहां मुख्य सचिव राजस्थान सरकार जयपुर द्वारा वीसी के माध्यम से जुड़ने का के कार्यक्रम का उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर की अध्यक्षता में आयोजन किया गया।इस जनसुनवाई में समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा भाग लिया गया।साथ ही उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत धमाणा में आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में कुल 34 परिवाद प्राप्त हुवे। इस दौरान तहसीलदार कपासन जगदीश बामनिया, नायब तहसीलदार राधाकिशन विजयवर्गीय,विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामसिंह चुंडावत,सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,पटवारी धमाणा विनोद कुमार हरिजन,वरिष्ठ सहायक रजत गंगवाल, कनिष्ठ अभियंता पीडब्ल्यूडी राजेश कुमार मीणा, बंटी प्रजापत आदि क्षेत्र के विभागीय प्रशासनिक अधिकारी एवं कार्मीकगण उपस्थित रहे।

# आरटीयू का दीक्षांत समारोह आज 2 कुलाधिपति, 2 कुलपति समेत 44 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 18,257 को दी जाएगी डिग्रियां

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह 6 जुलाई को यूनिवर्सिटी कैंपस में होगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। अतिथि के रूप में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो.टी जी सीताराम मौजूद रहेंगे। समारोह में साल 2022/2023 के पासआउट विद्यार्थियों को डिग्रियां दी जाएगी। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एस के सिंह के अनुसार यूनिवर्सिटी के 13वें दीक्षांत समारोह में कुल 18,257 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएगी, जिनमें 14,116 छात्र और 4141 छात्राएं हैं। जबकि 2 कुलाधिपति पदक, 2 कुलपति स्वर्ण पदक और विभिन्न ब्रांचों में मेरिट आने वाले 44 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे।

# दो महिलाओं की संदिग्ध हालत में मौत

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के सदर और सैंपऊ थाना इलाके में दो अलग-अलग जगह दो महिलाओं की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को उनके मृतकों का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिए। पुलिस महिलाओं की मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी हैं।

सदर थाना क्षेत्र के मिलकन का पुरा गांव में हुई महिला की मौत के मामले में पचगांव चौकी के हेड कॉन्स्टेबल अरुण शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम से महिला सुनीता (45) पत्नी राजेंद्र कुशवाहा के जहर खाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। जिस सूचना के बाद पुलिस ने महिला के शव को अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाकर गुरुवार को पोस्टमॉर्टम करा दिया।

# बिना नंबरों के दौड़ रहे अवैध पानी के टैंकर प्रशासन का नहीं ध्यान







बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** भीषण गर्मी के चलते शहर में पानी की किल्लत है जिसका फायदा अवैध पानी के टैंकर वाले बखूबी उठा रहे हैं। मनमर्जी से एक पानी के टैंकर के 700 रुपए तक चार्ज कर रहे हैं। चौहान टैंकर्स ने शहर में करीब 15 से 20 टैंकर पानी सप्लाई के लिए चला रखे हैं जब चौहान टैंकर ने कृषि कार्य के लिए बिजली कनेक्शन लिया है तो इसका व्यावसायिक उपयोग कैसे कर सकता है। एक कनेक्शन अटल नगर के आगे हाथी मॉल मार्ग पर वह दूसरा आरएसईबी चौराहे के पास बिजली विभाग के कार्यालय के नजदीक ही ले रखा है। दोनों ही जगह से चौहान टैंकर के ट्रेक्टर दिन रात चलते हैं। जिन ट्रेक्टरों के माध्यम से अवैध जल दोहन कर पानी सप्लाई कर रहे हैं। वह भी काफी पुराने हैं तथा बिना रजिस्ट्रेशन नंबरों के शहर में दौड़ रहे हैं। यदि इन ट्रैक्टरों से कोई दुर्घटना हो जाती है तो प्रशासन इनको कैसे पकड़ पाएगा?

**पुलिस का ध्यान क्यों नहीं :** वैसे तो पुलिस प्रशासन आए दिन चेकिंग के नाम पर कार मोटरसाइकिल वालों का बिना नंबर प्लेट मिलते ही चालान काट देता है। ऐसे में प्रशासन को यह बिना नंबरों के पुराने ट्रैक्टर दिखाई नहीं देते या फिर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

**शिकायत हो चुकी लेकिन कार्रवाई नहीं :** चौहान टैंकर की मनमानी और जल का अवैध दोहन बिना नंबर के कंडम ट्रैक्टर की शिकायत उपखंड अधिकारी को 7, 6 2024 को दिए जाने के बावजूद भी चौहान टैंकर के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। इसकी की भी जांच नहीं की गई कि कृषि के लिए गया विद्युत कनेक्शन व्यावसायिक उपयोग में क्यों लिया जा रहा है?

**इनका कहना है :** मैं अभी छुट्टी पर हूं। एक-- --दो दिन बाद आकर पता करवाता हूं।

**विकास पंचोली, उपखंड अधिकारी निंबाहेड़ा**

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

## कोटा में जेइइ की तैयारी कर रहे बिहार के छात्र ने फांसी लगाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** एक बार फिर कोटा में बिहार से आकर इंजीनियरिंग एंट्रेंस जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेइइ) मेन व एडवांस्ड की तैयारी कर रहे छात्र ने सुसाइड कर लिया है। वह महावीर नगर थर्ड इलाके में एक मकान में कमरा किराया से लेकर रहता था. इस सुसाइड की सूचना भी उसके सामने वाले रूम में रहने वाले स्टूडेंट्स ने मकान मालिक को दी थी। क्योंकि उसके कमरे की लाइट जल रही थी और वह सुसाइड की अवस्था में रोशनदान से नजर आया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसके शव को मोर्चरी में रखवाया है।

महावीर नगर थाना अधिकारी महेंद्र मारू का कहना है कि मृतक बिहार के नालंदा का निवासी है। वह बीते एक साल से कोटा में कोचिंग संस्थान में पड़कर जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन व एडवांस्ड की तैयारी कर रहा था। इसका भाई भी कोटा में रहकर ही मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट यूजी की तैयारी कर रहा है। दोनों भाई एक ही कोचिंग में पढ़ते हैं, लेकिन संस्थान की बिल्डिंग अलग-अलग है। ऐसे में उसका भाई दादाबाड़ी में रहता है। वह भी सूचना मिलने पर महावीर नगर थर्ड स्थित संदीप के पीजी में पहुंच गया था।

बता दें कि यह इस साल का 11वां सुसाइड केस है, साथ ही जिला प्रशासन ने सभी हॉस्टल और पीजी में एंटी सुसाइड रॉड (हैंगिंग डिवाइस) पंखों में लगाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इस पीजी में भी पंखे पर यह एंटी सुसाइड रॉड नहीं लगी हुई थी। साथ ही इसके पहले दादाबाड़ी के अनय रेजीडेंसी में भी एक सुसाइड केस सामने आया था, जहां भी पंखे में एंटी सुसाइड रॉड नहीं थी। जिला प्रशासन सुसाइड के मामले सामने आने के बाद हॉस्टल को सीज कर देता है, लेकिन अनय रेजिडेंसी के मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

### नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

घटनाक्रम में सामने आया है कि छात्र देर रात 12 बजे तक पढ़ाई कर रहा था या फिर कहें तो सबके सोने का इंतजार कर रहा था। ऐसे में यह घटना रात 12 से सुबह 5 के बीच हुई है। सब इंस्पेक्टर कमल किशोर का कहना है कि सूचना मिलने पर सुबह पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, इसके बाद शव को मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में पहुंचा दिया गया था, जहां पोस्टमार्टम करा कर कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस मामले में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की है। मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ऐसे में उसने सुसाइड पढ़ाई के तनाव के चलते ही किया है या कोई अन्य कारण इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। दूसरी तरफ छात्र लगातार कोचिंग भी नहीं जा रहा था, वह कोचिंग क्लासेस से काफी छुट्टी करता था।

हाथरस दुखांतिका

## भोले बाबा का राजस्थान के पेपर लीक मास्टरमाइंड से करीबी संबंध

### लीक में भूमिका से एसओजी का इंकार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में जिस हरि भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मचने से 120 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है उसका राजस्थान से भी कनेक्शन सामने आया है। जेईएन भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड हर्षवर्धन मीणा का हरि भोले बाबा से करीबी संबंध है। वह हर्षवर्धन के दौसा स्थित आश्रम में रुका भी था, लेकिन पेपर लीक मामले में हर्षवर्धन की तलाश में एसओजी जब उसके ठिकानों पर पहुंची तो बाबा आश्रम छोड़कर चला गया।

दरअसल, हर्षवर्धन मीणा जेईएन भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड है। उसे एसओजी ने इस साल फरवरी में गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी से पहले हरि भोले बाबा हर्षवर्धन मीणा के दौसा स्थित आश्रम में रुका था। हर्षवर्धन को एसओजी ने नेपाल बॉर्डर से पकड़ा था। एसओजी-एटीएस के एडीजी वीके सिंह का कहना है, यह संयोग है कि जब एसओजी हर्षवर्धन मीणा की तलाश कर रही थी तब सामने आया कि उसका एक बाबा के आश्रम पर आना-जाना है। वहां जब एसओजी और पुलिस की आवाजाही बढ़ी, तो बाबा वहां से चले गए और राजस्थान भी छोड़ दिया। बाद में जांच में सामने आया कि जिस आश्रम में बाबा ठहरता था। वह आश्रम हर्षवर्धन का ही है और बाबा वहां रहता था। हालांकि, उन्होंने बाबा के पेपर लीक मामले में संलिप्तता के सवाल पर कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता कि परीक्षाओं के पेपर लीक से बाबा का कोई लेना-देना है।

### हर्षवर्धन ने डमी अभ्यर्थी बिठा पत्नी को बनाया एसआई

एसओजी की पड़ताल में सामने आया कि हर्षवर्धन ने काली कमाई दौसा में जमीनों में निवेश की है। उसका जयपुर के जगतपुरा में 65 लाख का एक बंगला है। दौसा की गोवर्धन वाटिका में 1100, 1000 और 200 वर्गगज के तीन प्लॉट हैं। रोठड़ा में 250 गज का प्लॉट, सालिमपुर में मकान, महुआ में चार दुकान, भरतपुर के छोंकरवाड़ा में पौने दो बीघा जमीन, सालिमपुर (दौसा) में 18 बिस्वा और 6 बिस्वा जमीन है। लालसोट रेलवे स्टेशन के पास भी बेशकीमती जमीन में उसकी हिस्सेदारी है। हर्षवर्धन मीणा ने पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कर अपने कई दोस्तों को पटवारी बनाया। उसकी पत्नी सरिता पहले से सरकारी सेवा में है। उसने एसआई भर्ती-21 में डमी अभ्यर्थी बिठाकर पत्नी को परीक्षा पास करवाई।

# किरोड़ीलाल मीणा का मंत्री पद से इस्तीफा, सीएम को भेजा

## भाजपा सकते में, किरोड़ी के कार्यकर्ता हैरान, उपचुनाव की चिंता सताई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सरकार में अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। किरोड़ी लाल ने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री भजनलाल को भेज भी दिया है। पूर्वी राजस्थान की सीटों पर हार की जिम्मेदारी लेते हुए किरोड़ीलाल ने इस्तीफा दिया है। मंत्री किरोड़ी लाल लोकसभा चुनाव परिणाम आने के साथ ही सरकारी सुविधाएं छोड़ चुके थे।

### एक बार फिर दोहराई चौपाई

किरोड़ी लाल मीणा ने सुबह 10.50 पर अपनी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट की। जिसमें रामचरितमानस की चौपाई दोहराते हुए मीणा ने लिखा कि

**रघुकुल रीति सदा चलि आई।**
**प्राण जाई पर बचन न जाई।।**

### रसातल में जा चुकी है राजनीति

कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने जयपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम में मंत्री पद से इस्तीफा देने की जानकारी सार्वजनिक कर सबको चौंका दिया। इसी कार्यक्रम में मंच से अपने संबोधन में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने आज के राजनीतिक हालात पर चिंता जाहिर की है। गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के प्राकट्योत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने मंच से पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि रेल हादसे में कई लोगों की जान जाने पर उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए रेलमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसी उच्च आदर्शों वाली राजनीति की आज आवश्यकता है। आज राजनीति रसातल में जा चुकी है। यहां पर भारी भ्रष्टाचार है। जहां भयंकर जातिवाद और वंशवाद है। यहां पर रोज एक-दूसरे के ऊपर कीचड़ उछाला जाता है। उससे देश मजबूत नहीं होता, बल्कि लोकतंत्र कमजोर होता है।



### डैमेज कंट्रोल में जुटी भाजपा

किरोड़ी के इस्तीफे के बाद अब भाजपा डैमेज कंट्रोल में जुटी है। लोकसभा चुनाव परिणाम आने के ठीक एक महीने बाद यानी 4 जुलाई को किरोड़ीलाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी। उपचुनाव से ठीक पहले मीणा के इस कदम से भाजपा को न केवल उपचुनाव में बल्कि पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में भी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

पूर्वी राजस्थान में मीणा के प्रभाव को इस बात से समझा जा सकता है कि वो महवा, टोड़ाभीम, सवाई माधोपुर और बामनवास समेत चार अलग-अलग विधानसभाओं से जीत कर आए। इसके अलावा दौसा से निर्दलीय संसदीय चुनाव जीते। मीणा के इस फैसले से दौसा और देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा को नुकसान होने की संभावना है। इधर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि उन्हें अभी किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा कुछ हुआ है तो उसको लेकर बात करेंगे। किरोड़ीलाल मीणा पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं. ऐसे में इस्तीफे के पीछे की वजहों पर पार्टी स्तर पर बात होगी।

### यह पर्ची सरकार की पर्ची बदलने की शुरुआतः डोटासर



मीणा के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यह पर्ची से बनी सरकार की पर्ची बदलने की शुरुआत है। आगे-आगे देखो क्या होता है। दिल्ली का नेतृत्व डॉ. किरोड़ीलाल को मिलने का समय नहीं दे रहा। यह इतने वरिष्ठ नेता की एक तरीके से बेइज्जती है। उनसे उनकी तकलीफ नहीं पूछी गई। लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण में उनसे कोई सलाह नहीं ली गई। वह अपने समाज के लोगों के और प्रदेश के लोगों के काम नहीं करवा पा रहे थे। ऐसी बातें भी सामने आई हैं।

# टीम इंडिया का भव्य स्वागत...

## मिली 125 करोड़ की राशी, खिलाड़ियों ने लगाया स्टेडियम का चक्कर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतकर 4 जुलाई को बारबाडोस से दिल्ली पहुंची। सुबह एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद होटल आईटीसी मौर्या में रुकी। यहां से कुछ देर के बाद भारतीय टीम सपोर्ट स्टाफ के साथ पीएम मोदी के आवास पर उनसे मुलाकात करने पहुंची। जहां बीसीसीआई ने पीएम मोदी को नमो-1 की जर्सी भेंट की। अब भारतीय टीम ने मुंबई पहुंच गई है। टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2024 में काफी शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से मात दी और 17 साल बाद टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। चैंपियन बनने के बाद बारबाडोस में आए चक्रवात की वजह से टीम वहीं फंस गई और फिर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने स्पेशल चार्टर फ्लाइट के जरिए टीम इंडिया को दिल्ली के लिए रवाना किया। चैंपियन बनने के बाद दिल्ली पहुंची भारतीय टीम का आज सुबह एयरपोर्ट पर ही जोरों-शोरों के साथ स्वागत किया गया। फैंस टीम इंडिया के प्लेयर्स और ट्रॉफी की एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आए।



### पीएम नरेंद्र मोदी से टीम इंडिया की मुलाकात, रोहित-द्रविड़ ने प्रधानमंत्री के हाथों में सौंप दी टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी

भारतीय क्रिकेट टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतकर बारबाडोस से स्वदेश पहुंच गई है. भारतीय टीम का गुरुवार (4 जुलाई) को सुबह 6 बजे दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर स्वागत हुआ. इसके बाद टीम इंडिया दिल्ली के आईटीसी मौर्य होटल पहुंची. वहां से टीम इंडिया के खिलाड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे. टीम इंडिया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का वीडियो सामने आया गया है. इस डेढ़ मिनट के वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी टीम इंडिया के सदस्यों से बात करते हुए दिख रहे हैं।

## नीट रद्द करने पर रोक लगाने की सुप्रीम कोर्ट में मांग

### 56 क्वालिफाइड कैंडिडेट्स ने दायर की याचिका, इनमें एआईआर रैंक 1 टॉपर्स भी शामिल




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/पटना/हजारीबाग।** नीट परीक्षा में क्वालिफाइ हुए गुजरात के 56 स्टूडेंट्स ने सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा रद्द पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका दायर की है। इन स्टूडेंट्स में एआईआर 1 पाने वाले टॉपर्स भी शामिल हैं। स्टूडेंट्स की मांग है कि कोर्ट एनटीए को निर्देश दे कि परीक्षा रद्द न की जाए। इससे लगभग 24 लाख कैंडिडेट्स को नुकसान होगा।

इसके अलावा, याचिका में ये भी मांग की गई कि कोर्ट शिक्षा मंत्रालय को मामले की जांच करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दे। याचिकाकर्ताओं ने मौजूदा नतीजों के आधार पर मेडिकल एडमिशन जारी रखने की मांग की है। याचिका में यह तर्क दिया गया है कि फिर से नीट परीक्षा के लिए अनुमति देना उन छात्रों के लिए गलत होगा, जिन्होंने निष्पक्ष और ईमानदार तरीके से परीक्षा क्वालिफाई की है। यह आर्टिकल 14 और 21ए के तहत उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट में पेपर लीक, मनमाने ढंग से ग्रेस मार्क्स दिए जाने और ओएमआर शीट और स्कोर कार्ड के मार्क्स में अंतर होने जैसी 22 याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होनी है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच मामले की सुनवाई करेगी।

### बिहार-झारखंड से गिरफ्तार 7 आरोपियों की रिमांड खत्म

वहीं, नीट पेपर लीक मामले में बिहार और झारखंड से गिरफ्तार हुए 7 आरोपियों की रिमांड 4 जुलाई को खत्म हो रही है। गुरुवार सुबह सभी आरोपियों का मेडिकल टेस्ट कराया गया। इसके बाद इन्हें पटना में छ्व्रक्च्छ कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया है। आरोपियों में चिंटू, मुकेश, मनीष प्रकाश, आशुतोष, ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और जमालुद्दीन शामिल हैं।

## तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी से की मुलाकात, अहम मुद्दों पर हुई चर्चा, भट्टी विक्रमार्क भी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने गुरुवार (4 जुलाई) को नई दिल्ली में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। तेलंगाना के सीएम ने अपने डिप्टी भट्टी विक्रमार्क मल्लू के साथ सबसे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, जहां उन्होंने राज्य के विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लेते हुए, तेलंगाना सीएमओ ने आयोजित वार्ता के विवरण के बारे में विस्तार से बताया, राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू के साथ आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मौके पर उनसे राज्य से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई।



इसके अलावा, दोनों ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की, जहां तेलंगाना के शीर्ष नेतृत्व ने कथित तौर पर पीएम मोदी के साथ दक्षिणी राज्य की प्रमुख लंबित परियोजनाओं को उठाया।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# रूस के हाथ आया यूक्रेन का एक और बड़ा शहर, जेलेंस्की ने वापस बुलाई सेना

कीव (एजेंसी)


महीनों की लड़ाई के बाद रूसी सेना ने आखिरकार यूक्रेन के डोनेस्क प्रांत का चासिव यार शहर जीत लिया। यूक्रेन ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर से अपनी सेना को वापस बुलाने की घोषणा की है। जबकि रूस ने कहा है कि उसने बुधवार रात को शहर को अपने नियंत्रण में ले लिया था।

इस प्रकार से करीब 29 महीने से जारी लड़ाई में एक और शहर यूक्रेन के हाथ से निकल गया है। इस युद्ध में रूस अभी तक यूक्रेन के 20 प्रतिशत से ज्यादा भूभाग पर कब्जा कर चुका है।

### अब रूस को कब्जे की लड़ाई में आसानी होगी

रूसी सेना के कब्जे में आया चासिव यार शहर रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। इस शहर के हाथ आने से यूक्रेन के दो महत्वपूर्ण शहरों- क्रैमेटो ?र्स्क और स्लोवियांस्क पर कब्जे की लड़ाई में रूस को आसानी होगी। यूक्रेन ने कहा है कि सैनिकों की सुरक्षा के लिए उन्हें वापस बुलाना बेहतर समझा गया, इसलिए चासिव यार को छोड़ने का निर्णय लिया गया।

### हमारे पर सड़ने के लिए पर्याप्त हथियार नहीं- जेलेंस्की



रूस समर्थक यूक्रेन के विद्रोहियों का डोनेस्क के एक हिस्से पर 2014 से कब्जा है। फरवरी 2022 से छिड़े युद्ध के बाद रूसी सेना ने इस प्रांत में अपना कब्जा बढ़ाया है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उनकी सेना की 14 ब्रिगेड के पास लड़ने के लिए पर्याप्त हथियार नहीं है। इसका रूस को लाभ हो रहा है।

**पश्चिम की मिसाइलों पर भारी पड़ रहा रूसी एस-350-** रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उनका एस-350 एयर डिफेंस सिस्टम पश्चिमी देशों की मिसाइलों का पता लगाने और उन्हें आकाश में ही नष्ट करने में सक्षम है।

## हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 200 रॉकेट दागे

### टॉप कमांडर की मौत के बाद किया हमला, कुछ दिन पहले दी थी जंग की धमकी

ईरान-समर्थक संगठन हिजबुल्लाह ने इजराइल पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक आतंकी संगठन ने गुरुवार को यहूदी देश पर 200 से ज्यादा रॉकेट दागे हैं। इसके अलावा करीब 20 ड्रोन्स से भी हमला किया गया है। हमले में इजराइल के कई मिलिट्री बेस को निशाना बनाया गया।

इजराइली सेना ने कहा कि कुछ मिसाइलें लेबनान से उनके इलाके में गिरीं। इनमें से कई को रोक दिया गया। अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। हिजबुल्लाह ने ये हमला अपने एक टॉप कमांडर की मौत का बदला लेने के लिए किया है।